Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 56 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 09 अगस्त 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



स्वरुप का भान नहीं होने देने वाली कषाय है।

Hindrance Knows one's own form is passion.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा से पहले फर्जी आंसरशीट बरामद, 7 लोगों से पूछताछ

**खगड़िया।** बिहार में बुधवार को 21 हजार सिपाहियों की भर्ती को लेकर पहले चरण की लिखित परीक्षा आयोजित की गई है। इसमें करीब 2.90 लाख परिक्षार्थियों को शामिल होना है जिसके लिए प्रदेश भर में 545 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इससे पहले खगड़िया में फर्जी आंसरशीट बरामद की गई है। इस मामले में सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि परबत्ता क्षेत्र के एक विवाह भवन में करीब 90 परीक्षार्थी एकत्र हुए, जिन्हें फर्जी आंसर शीट दिए गए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन सभी की जांच की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इसमें खगड़िया के बाहर के कई बच्चे भी शामिल हैं जिनका परीक्षा केंद्र खगड़िया में है। इसके नाम पर एक छात्र से पैसे वसूली की भी बात सामने आई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक स्थान पर करीब 90 छात्र जमा हुए थे।

### मध्य प्रदेश में नाग पंचमी पर सांपों का प्रदर्शन पड़ेगा महंगा

**भोपाल।** नागपंचमी के मौके पर नाग देवता की पूजा का महत्व की बात कर सपेरे आमजन की धार्मिक भावना और आस्था का लाभ उठाने से नहीं चूकते। वे आर्थिक लाभ के लिए सांपों पर अत्याचार करने से भी नहीं हिचकते, मगर अब मध्य प्रदेश में ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। सावन मास और नाग पंचमी के मौके पर हर गली मोहल्लों में सपेरों की बीन की आवाज सुनाई देना आम बात है। ये सपेरे तरह तरह के सांपों का प्रदर्शन करते हैं और धार्मिक महत्व बताकर पूजन के बहाने बड़ी राशि की मांग भी करते हैं। राज्य में नागपंचमी पर्व पर सांपों को पकड़ने एवं प्रदर्शन की रोकथाम के लिये वन विभाग एहतियाती कदम उठाता है। इस बार सांपों पर अत्याचार के साथ उनके प्रदर्शन पर रोक रहे इसके लिए उड़नदस्ता दल बनाकर सतत गश्त करने की योजना बनाई गई है। जबलपुर के वन मंडल अधिकारी ऋषि मिश्र ने बताया कि सांपों को पकड़ना एवं उनका प्रदर्शन भारतीय वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अपराध है।

हर अग्निपरीक्षा में भारतीय हॉकी के संकटमोचक साबित हुए श्रीजेश

# देश और श्रीजेश के लिये हॉकी टीम ने जीता कांस्य पदक

**पेरिस/नयी दिल्ली (एजेंसी)।** तोक्यो की कहानी को पेरिस ओलंपिक में दोहराते हुए भारतीय हॉकी टीम ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से स्पेन को 2-1 से हराकर देश के लिये और अपने सुनहरे कैरियर पर विराम लगाने वाले पी आर श्रीजेश के लिये कांस्य पदक जीता .जीत के बाद श्रीजेश को कंधे पर बिठाकर मैदान का चक्कर लगाने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ टीवी के सामने नजरें गड़ाये बैठे करोड़ों भारतीयों की भी आंखें नम हो गई . ओलंपिक पदक के साथ विदा लेने वाले श्रीजेश जीत के बाद गोलपोस्ट के ऊपर जाकर बैठे तो अपने जज्बात पर काबू नहीं रख सके .जर्मनी के हाथों सेमीफाइनल में मिली हार का गम भुलाकर डेढ दिन बाद भारतीय टीम फिर युवेस डु मनोइर स्टेडियम पर उतरी तो हर खिलाड़ी का एक ही लक्ष्य था कि खाली हाथ नहीं लौटना है . एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए भारत ने दूसरे और तीसरे क्वार्टर में गोल करके न सिर्फ जीत दर्ज की बल्कि पेरिस ओलंपिक में कल पहलवान विनेश फोगाट को फाइनल से पहले अयोग्य करार दिये जाने से देश भर में छाई मायूसी को दूर करने का प्रयास भी किया .इस जीत के साथ ही भारत के लिये 336 मैच खेलने वाले महान गोलकीपर श्रीजेश ने भी अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया . भारतीय टीम के लिये हरमनप्रीत सिंह ने (30वें, 33वें मिनट) जबकि स्पेन के लिये मार्क मिरालेस (18वां मिनट) ने गोल दागे .आठ बार की चैम्पियन भारतीय पुरूष हॉकी टीम का यह 13वां ओलंपिक पदक है और पचास साल बाद लगातार दो



ओलंपिक में पदक जीते हैं . इससे पहले 1968 में मैक्सिको और 1972 में म्युनिख ओलंपिक में भारत ने कांस्य जीता था .सेमीफाइनल में नीदरलैंड से चार गोल से एकतरफा पराजय का सामना करने वाली स्पेनिश टीम ने आक्रामक शुरूआत की और पहले क्वार्टर में भारत को एक भी पेनल्टी कॉर्नर नहीं बनाने दिया . भारत के पास छठे मिनट में खाता खोलने का मौका था जब हार्दिक सिंह ने सर्कल पर से डी के भीतर सुखजीत सिंह को पास दिया लेकिन वह सही निशाना नहीं साध सके . स्पेन के लिये 10वें मिनट में मोस मारिया बास्टेरा के शॉट का हरमनप्रीत ने बचाव किया. पहले क्वार्टर तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी. दूसरे क्वार्टर में स्पेन को 18वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिस पर मिरालेस ने आसानी से गोल कर दिया .स्पेन को दो मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर भी मिला लेकिन रोहिदास ने जबर्दस्त बचाव किया . रोहिदास ने खास तौर पर डिफेंस में बेहतरीन प्रदर्शन किया जिनकी कमी जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में उनके प्रतिबंधित होने के कारण खली थी. स्पेन की टीम 25वें मिनट में एक और गोल करने के करीब पहुंची जब गेरार्ड क्लापेस ने सुमित से गेंद छीनी और श्रीजेश के ठीक सामने उन्हें चकमा देकर गोल के भीतर डालने की कोशिश की। और भारतीय टीम भाग्यशाली रही कि उनका निशाना ठीक नहीं लगा. स्पेन को दो मिनट बाद मिला पेनल्टी कॉर्नर भी बचा लिया गया . भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर 28वें मिनट में मिला लेकिन रोहिदास गोल नहीं कर सके . हाफ्टाइम से कुछ सेकंड पहले मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके हरमनप्रीत ने भारत को बराबरी दिलाई. ब्रेक के बाद भारतीय टीम आक्रामक तेवरों के साथ उतरी और तीसरे ही मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को तब्दील करके हरमनप्रीत ने 2 . 1 से बढत दिला दी . हरमनप्रीत का यह टूर्नामेंट में 11वां गोल था . दो मिनट बाद जवाबी हमले में स्पेन को मिले पीसी पर मिरालेस गोल नहीं कर सके . वहीं भारत को 37वें और स्पेन को 40वें मिनट में मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया . आखिरी पंद्रह मिनट में सुखजीत ने फिर एक मौका गंवाया जबकि स्पेन को 59वें मिनट में दो और फिर आखिरी मिनट में मिले दो और पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए.

जिला शिक्षा अधिकारी टीकाराम साहू के बिलासपुर और कवर्धा स्थित ठिकानों पर रेड

# करोड़पति निकली जिला शिक्षा अधिकारी की पत्नी एसीबी रेड के बाद अचल संपत्ति का हुआ खुलासा

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बिलासपुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी टीकाराम साहू के बिलासपुर और कवर्धा स्थित ठिकानों पर रेड मारी थी। इसके बाद साहू के खिलाफ अपराध कायम किया गया है। टीकाराम साहू के खिलाफ दर्ज स्त्रद्भक्र में उनके द्वारा अर्जित चल अचल संपत्ति का विवरण भी दिया है। टीकाराम साहू ने आय के ज्ञात स्रोतों से काफी अधिक मात्रा में स्वयं और परिवार के सदस्यों के नाम से करोड़ों रुपए की संपत्ति अर्जित की है। 56 वर्षीय टीकाराम साहू पिता कुंजराम साहू मूलत: कवर्धा के श्याम नगर वार्ड क्रमांक 8 के रहने वाले हैं। 7 अक्टूबर 2023 से वे जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। टीकाराम साहू की प्रथम नियुक्ति 20 दिसंबर 1988 को व्याख्याता के पद पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरागढ़ जिला राजनंदगांव में हुई थी। इसके बाद भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर कबीरधाम, छुईखदान कवर्धा, में मलाईदार पदों पर रहे। 7 अक्टूबर 2023 से बिलासपुर में जिला शिक्षा अधिकारी हैं। 01- संपत्ति धारक का नाम टीकाराम साहू पिता कुंजराम साहू उम्र 56 वर्ष, निवासी- वार्ड नंबर 08, जी-



श्याम नगर, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम, संपत्ति का विवरण जी श्यामनगर, विजय ग्रीन पथ में 40x60 में 2400 वर्गफुट में दो मंजिला सर्वसुविधायुक्त मकान। इस भूमि पर कवर्धा में मकान बनाया गया है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग, ई-स्टाम्प राशि 30 लाख रुपये है। 02-संपत्ति धारक का नाम टीकाराम साहू पिता कुंजराम साहू उम्र 56 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 08, जी-श्याम नगर, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम, संपत्ति का विवरण ग्राम कवर्धा तहसील व जिला कवर्धा खसरा नंबर 88/34, 89/26 रकबा 0.014 हेक्टेयर जमीन टीकाराम साहू के नाम पर दिनांक 20 नवम्बर 2017 को क्रय किया। गर रजिस्ट्री दिनांक-20/11/2017, ई-स्टाम्प राशि 4,74,000/- रुपये। 03- संपत्ति धारक का नाम टीकाराम साहू पिता कुंजराम साहू उम्र 56 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 08, जी-श्याम नगर, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम।

### वायनाड भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 413 पहुंची, 152 लापता लोगों की तलाश जारी

**वायनाड।** केरल के वायनाड में विनाशकारी भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 413 पहुंच गई है। 152 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। बचाव अभियान नौवें दिन भी जारी है। रक्षा बलों, एनडी आरएफ, एसडी आरएफ, पुलिस, अग्निशमन सेवाओं और स्वयंसेवकों के कर्मियों वाली 1,000 से अधिक सदस्यीय बचाव टीम ने बुधवार सुबह चार सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों चूरलमाला, वेल्लारीमाला, मुंडक्कई और पुंचिरिमाडोम में तलाशी अभियान शुरू किया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा है ।

कम्युनिस्ट विचारधारा वाले थे भट्टाचार्य

# बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री भट्टाचार्य का हुआ निधन

**कोलकाता।** नयी दिल्ली. पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का बृहस्पतिवार को यहां स्थित उनके आवास पर निधन हो गया. वह 80 वर्ष के थे. भट्टाचार्य को कम्युनिस्ट विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और राज्य के औद्योगीकरण के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण के लिए याद किया जाएगा.मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एक दिग्गज नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य ने अपने राज्य में औद्योगीकरण के लिए पूंजीवादियों को लुभाने के वास्ते अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता तक की परवाह नहीं की थी. बेदाग छवि वाले भट्टाचार्य को 2011 में राज्य में 34 साल के



वामपंथी शासन के पतन के लिए भी याद रखा जाएगा. भट्टाचार्य के परिवार में उनकी पत्नी मीरा और बेटी सुचेतना हैं. हाल के वर्षों में अपने खराब स्वास्थ्य के बावजूद, भट्टाचार्य बंगाल के राजनीतिक परिदृश्य में एक सम्मानित व्यक्ति बने रहे.

उद्धव ठाकरे ने केजरीवाल की पत्नी से मुलाकात की

# उद्धव ठाकरे ने समर्थन का आश्वासन दिया:संजय सिंह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की. महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री के साथ उनके बेटे आदित्य ठाकरे और पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय राउत भी थे. ठाकरे की सुनीता केजरीवाल से मुलाकात के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और राघव चड्ढा भी मौजूद थे.सिंह ने पत्रकारों से कहा, वे यहां केजरीवाल की पत्नी, उनके माता-पिता और बेटी से मिलने आए थे. मौजूदा हालात, तानाशाही पर



चर्चाएं हुईं. केजरीवाल के मामले में कानून व्यवस्था के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि निचली अदालत का आदेश अपलोड होने से पहले उनकी जमानत पर रोक लगा दी गयी और फिर सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. सिंह ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) विपक्ष की आवाज दबाने के लिए उसके खिलाफ सरकारी हथियार हैं.'आप' नेता ने कहा, हम तानाशाही के खिलाफ एक साथ मिलकर लड़ेंगे. उद्धव ने सुनीता भाभी और उनके परिवार को आश्वस्त किया कि हर कोई इस मुश्किल वक्त में उनके साथ है. बाद में, आदित्य ठाकरे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ज्उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की. हम उन ताकतों के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं ।


### वैशाली की घटना से गया जिला प्रशासन ने लिया सबक, पितृपक्ष मेले में बिजली तार दिखेंगे दुरुस्त

**गया।** बिहार के वैशाली जिले में करंट की चपेट में आने से नौ कांवड़ियों की मौत की घटना से सबक लेते हुए गया जिला प्रशासन ने इस साल पितृपक्ष मेला में बिजली के तारों, ट्रांसफार्मरों समेत सभी चीजें दुरुस्त कराने का फैसला लिया है। इसकी निगरानी खुद जिलाधिकारी त्यागराजन एसएम कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने मेला क्षेत्र में जर्जर और लटके हुए तारों, बिजली के खंभों और अन्य सभी चीजों की अच्छे तरीके से जांच करके इसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

काम पर लौट रहे पुलिसकर्मी

# मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में ली शपथ....

**ढाका (एजेंसी)।** नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने रात नौ बजे (स्थानीय समयानुसार) बंगभवन में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ली। हालांकि, अवामी लीग का कोई राजनेता और कार्यकर्ता समारोह में शामिल नहीं हुए। शेख हसीना के साथ 5 अगस्त को ढाका से भारत आए कई लोग धीरे-धीरे उनका साथ छोड़कर अब अपने अगले गंतव्य की ओर जाने लगे हैं। केंद्र सरकार के सूत्रों ने बताया कि हसीना जब इस्तीफा देकर भारत आईं तो उनके साथ बहन रिहाना के अलावा बांग्लादेश के रसूखदार राजनीतिक परिवारों के कई लोग भी यहां पहुंचे



थे। इनकी संख्या 10 से अधिक बताई जा रही है। यह सभी तब से शेख हसीना के साथ ही रुके थे। अब इनमें से अधिकांश अलग-अलग जगहों के लिए रवाना हो गए हैं। हालांकि सूत्रों ने इनके नामों या गंतव्य का खुलासा नहीं किया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में बांग्लादेशी नागरिकों के एक समूह के प्रवेश के प्रयास को विफल कर दिया। बीएसएफ के अधिकारियों के मुताबिक, बांग्लादेश के नागरिकों का एक समूह बुधवार दोपहर जिले के रानीकोर इलाके में नदी क्षेत्र में करीब पांच-छह नौकाओं में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर गया। बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ ने पहले उन्हें पीछे हटने को कहा लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद बीएसएफ को गोली चलानी पड़ी।

झारखंड के राज्यपाल ने कहा

# आदिवासी' केवल शब्द नहीं,यह एक संस्कृति है



**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'आदिवासी' केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक संस्कृति है. राज्यपाल 'रांची विमिंस कॉलेज' में विश्व आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे.उन्होंने कहा, आदिवासी सिर्फ एक शब्द नहीं है, यह हमारी संस्कृति है. अगर हम अपनी संस्कृति और परंपरा को भूल जाएंगे तो हम अपने समाज और देश को नुकसान पहुंचाएंगे. हमें अपनी संस्कृति को संरक्षित करने की जरूरत है. आदिवासी परंपरा की सराहना करते हुए गंगवार ने कहा, मुझे यहां पता चला कि आदिवासी समाज में लड़की की शादी में पैसे (दहेज) देने की प्रथा नहीं है. यह बहुत अच्छी परंपरा है और हमें यह समझना होगा कि इन अच्छी चीजों को कैसे अपनाया जाए.

वक्फसंशोधन विधेयक लोकसभा में पेश किया

# वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी के पास भेजने की सिफारिश,ओम बिरला ने कहा समिति का गठन करुंगा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित एक विधेयक बृहस्पतिवार को लोकसभा में पेश किया और इसके बाद इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की अनुशंसा की. केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024' पेश किया और विभिन्न दलों की मांग के अनुसार विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का प्रस्ताव किया. उन्होंने कहा, संयुक्त संसदीय समिति का गठन करें और विधेयक को व्यापक चर्चा के लिए उसके (जेपीसी के) पास भेजें. विधेयक पर चर्चा के लिए अधिक से अधिक हितधारकों को बुलाएं, उनकी राय सुनें. इसे (विधेयक को) समिति को भेजें, और भविष्य में हम उनके (सदस्यों के) सुझावों को खुले दिल से सुनेंगेज्. इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, मैं सभी दलों के नेताओं से बात करके इस संयुक्त संसदीय समिति का गठन करुंगा. इससे पहले विपक्षी सदस्यों ने विधेयक का पुरजोर विरोध किया और कहा कि यह संविधान, संघवाद और अल्पसंख्यकों पर हमला है.राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के दो प्रमुख घटक दलों जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने विधेयक का समर्थन किया, हालांकि, तेदेपा ने इसे संसदीय समिति के पास भेजने की पैरवी



की. विपक्षी सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि विधेयक में किसी धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है तथा संविधान के किसी भी अनुच्छेद का उल्लंघन नहीं किया गया है. उन्होंने कहा, वक्फसंशोधन पहली बार सदन में पेश नहीं किया गया है. आजादी के बाद सबसे पहले 1954 में यह विधेयक लाया गया. इसके बाद कई संशोधन किए गए. रीजीजू ने कहा कि व्यापक स्तर पर विचार-विमर्श के बाद यह संशोधन विधेयक लाया गया है जिससे मुस्लिम महिलाओं और बच्चों का कल्याण होगा. उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय बनी सच्चर समिति और एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का उल्लेख किया और कहा कि इनकी सिफारिशों के आधार पर यह विधेयक लाया गया. करीब एक घंटे तक विपक्षी सदस्यों की आपत्तियों का जवाब देने के बाद रीजीजू ने विधेयक को व्यापक विचार विमर्श के लिए जेपीसी के पास भेजने की सिफारिश की.

दैनिक
# विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, शुक्रवार 09 अगस्त 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com


# स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान 9 से 15 अगस्त तक आयोजित होगी तिरंगा यात्राएं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में जन दर्शन कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंचे हैं। वहीं दिव्यांगजनों के बीच जाकर सीएम श्री साय उनसे मिल रहे हैं और आवेदन ले रहे हैं। जहां बड़ी संख्या में लोगों को तिरंगा वितरण किया गया है। सीएम श्री साय ने तिरंगा अभियान के तहत लोगों से अपनी सहभागिता निभाने के लिए अपील की। जनदर्शन में आते ही उन्होंने राष्ट्र ध्वज लहराकर वहां उपस्थित लोगों ने उनका अभिवादन किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनदर्शन में आये दिव्यांग जनों को ट्राइसिकल और अन्य सहायक उपकरण वितरित किए। उन्होंने इस अवसर श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 12 हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए। जनदर्शन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जहां रिमझिम बारिश बीच जनदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलने, उन्हें अपनी समस्याएं बताने और उनके समाधान के लिए बड़ी संख्या में लोग मुख्यमंत्री निवास पहुचें।

मुख्यमंत्री जनदर्शन में आज बलौदा बाजार जिले के ग्राम डोंगरिया से किसान अपने आवेदन लेकर पहुंचे। किसानों ने बताया कि उनकी फसल अपोलो कंपनी के प्रदूषित पानी से खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि खरीफ की फसल कंपनी के दूषित केमिकल की वजह से खराब हुई। फिर



रबी की फसल भी दूषित केमिकल की वजह से खराब हो गई है। इस संबंध में कंपनी के अधिकारियों को कई बार मौखिक आग्रह किया गया लेकिन इस पर कंपनी ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर बलौदाबाजार को तत्काल कार्रवाई कर किसानों को राहत दिलाने की निर्देश दिए। साथी मुख्यमंत्री साय ने 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुवात की। जनदर्शन में उपस्थित नागरिकों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय और वंदे मातरम का उद्घोष किया। गौरतलब है कि आजादी के अमृत महोत्वस के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह 09 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

"हर घर तिरंगा" अभियान से नई पीढ़ी के साथ-साथ सभी लोगों में राष्ट्रीय भावना जगेगी और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव और सम्मान भी बढ़ेगा। स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान राज्य से लेकर जिला स्तर पर तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन जैसे अनेक देश-भक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तिरंगा अभियान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान तिरंगा प्रतिज्ञा ली जाएगी। इन कार्यक्रमों में शामिल होने वाले लोग को तिरंगा के साथ सेल्फी लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिवारों को स्थानीय कार्यक्रमों में आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

इसके साथ तिरंगा के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए स्थानीय स्तर पर बाइक, सायकल और कार रैलियां आदि निकाली जाएगी। जिसमें युवा स्वयं सेवकों, विभिन्न संगठनों और विभिन्न राज्यों की प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी होगी। सभी उम्र के लोग इसमें शामिल होकर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करेंगे। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में खेल और फिटनेस से जुड़े लोगों को भागीदारी करने और ब्लॉग बनाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय द्वारा ब्लॉगर और इंफ्लुएंसर के परिचय के लिए यू-ट्यूब क्रिएटर प्रोग्राम साझा करेगा। इस दौरान देश भक्ति संगीत के साथ सार्वजनिक स्तर पर तिरंगा कॉन्सर्ट्स आयोजित किए जाएंगे। कॉन्सट्र्स में तिरंगा एन्थम की प्र्स्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम स्थलों पर तिरंगा कैनवास स्थापित किए जाएंगे। जहां लोग किसी भी भारतीय भाषा में "हर घर तिरंगा" और "जय हिन्द" लिख सकेंगे। प्रत्येक कैनवास का डिजाईन राष्ट्रीय ध्वज के समान 3: 2 में होगा। आयोजन स्थल पर तिरंगा झंडे, वस्त्र, खाद्य पदार्थ के विक्रय के लिए स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

# राजपूत एकता मंच की वीरांगनाओं ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज



## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजपूत एकता मंच की महिला विंग्स की ओर से हरियाली तीज के उपलक्ष्य में उत्सव का आयोजन कर बड़ी धूमधाम से उत्सव मनाया गया। वहीं हरियाली तीज पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सलामती की कामना के लिए व्रत रखा साथ ही कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने गीत-संगीत का आनंद लिया. साथ ही भजन और हरियाली तीज के पारंपरिक गीत गाए. इस मौके पर पूरा माहौल हरियाली में डूबा हुआ नजर आया. कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाएं हरे रंग के ड्रेस पहनी हुई थी तो वहीं डेकोरेशन भी हरियाली की तर्ज पर किया गया था. कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने इस मौके पर जमकर धमाल किया.

इस मौके पर जिस महिला ने हरी रंग की पूरी श्रृंगार से पूर्ण थी उसे प्रथम पुरस्कार दिया गया कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा आधुनिकता का समावेश करते हुए अपनी प्रकृति को बचाने के लिए जागरूक भी किया गया. हरियाली तीज के मौके पर महिलाओं ने धरती को हरा भरा रखने के लिए पेड़ लगाने का भी संकल्प लिया कि वे जो पौधे लगाएंगी उसकी अपने बच्चे की ही तरह परवरिश भी करेंगी. महिलाओं ने एक दूसरे को हरियाली तीज की बधाई दी.

इस मौके पर अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया. उपस्थित थी श्रीमती अनीता सिंह सुबदा सिंह बबीता सिंह बबीता सिंह शालिनी देव श्रीमती पुष्पिका ठाकुर श्रीमती रेखा ठाकुर प्रियांशु सिंह देव सुभाशनि सिंह सपना सिंह बाबू रचना सिंह आयुषी सिंह सीमा देव सीमा ठाकुर मोनू सिंह प्रतिष्ठा हरितवाल सिंह आदि राजपूत महिला वीरांगना शामिल थी।

# 13 वें दिन रायपुर नगर निगम के भिन्न 2 वार्डो में शिविर लगाया गया, प्राप्त 525 में से 409 आवेदन शिविर में त्वरित निराकृत, उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा भी पहुंचे

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के वार्डो में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाडा के अंतर्गत शिविरों का आयोजन प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक लगाए जाने का सिलसिला जारी है। रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 70 वार्डो में जनसमस्या निवारण पखवाडा अंतर्गत शिविर हेतु प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। प्रत्येक वार्ड में 1 शिविर लगाया जायेगा एवं उसमें रायपुर नगर पालिक निगम सहित विभिन्न शासकीय विभागो के अधिकारीगण जनसमस्या सुनकर उसका यथासंभव त्वरित निराकरण करने निर्धारित समयावधि में उपस्थित रहेंगे।

नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा आज 13 वें दिन जनसमस्या निवारण पखवाडा के अंतर्गत जनसुविधा हेतु शिविर जोन 3 के मदर टेरेसा वार्ड के सरदार प्रीतम सिंह सैनी स्कूल श्याम नगर, जोन 6 के शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड के मुस्लिम हाल सामुदायिक भवन संजय नगर में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत षिविर लगाया गया।



जनसमस्या निराकरण पखवाड़ा शिविर में रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय, संबंधित जोन कमिष्नरगण एवं कार्यपालन अभियंतागण की उपस्थिति में शिविर में पहुंचे एवं रायपुर नगर पालिक निगम के विभिन्न विभागों सहित रायपुर जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न शासकीय विभागों के स्टालों की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के निर्देशानुसार लगाए जा रहे जनसमस्या निराकरण पखवाड़ा के 13 वे दिन नगर निगम के विभिन्न 2 वार्डो में लगाये गये शिविर में नागरिकों से कुल प्राप्त 525 आवेदनों में से 409 आवेदनों का शिविर स्थल पर ही तत्काल निराकरण कर दिया गया। शेष 116 मांगों के त्वरित निदान हेतु सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए गये। रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने सभी नागरिकों से जनसमस्या निराकरण पखवाड़ा शिविर में आकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ प्राप्त करने का आव्हान किया। आज लगाये गये भिन्न 2 वार्डो के जनसमस्या निवारण पखवाडा षिविर में पहुंचे नागरिको को आवेदन करने के मिनटो बाद तत्काल राषन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड प्रदत्त करने का सिलसिला निरंतर जारी रहा। महिलाओं ने बडी संख्या में श्रमकार्ड बनवाये जो उन्हें श्रम विभाग के स्टाल से तत्काल प्रदत्त कर दिये गये। इससे संबंधित हितग्राहियों ने त्वरित कार्यवाही कर प्रसन्नता व्यक्त कर शासन प्रषासन को धन्यवाद दिया। आज के षिविर में 30 पात्र नागरिको को तत्काल डुप्लीकेट राषन कार्ड बनाकर प्रदत्त किये गये। आय प्रमाण पत्र 41 नागरिको को तत्काल बनाकर दिये गये। श्रम विभाग ने तत्काल 16 पात्रों को श्रमिक पंजीयन कार्ड बनाकर प्रदत्त किये।

7 नागरिकों को आधार कार्ड तत्काल बनाकर दिये गये। षिविर में 38 लोगो को आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना कार्ड बनाकर प्रदत्त किये गये। हितग्राहियों के कार्य तत्काल होने पर उनके चेहरे खिल उठे एवं उन्होने इस हेतु राज्य शासन, जिला प्रषासन, नगर निगम रायपुर को धन्यवाद दिया। वार्डो में पार्षदगण जोन अधिकारियों सहित लगातार स्टालों का अवलोकन कर कार्य हेतु पहुंची आमजनों की समस्याएं सुनते रहे एवं उनका त्वरित निदान करवाने कार्य किया। 10 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक जोन 4 के स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड के गंगाराम सामुदायिक भवन, जोन 8 के संत रविदास वार्ड के पार्षद कार्यालय सरोना में जनसमस्या निराकरण पखवाड़ा शिविर लगाया जायेगा।

स्थानीय नागरिक समस्याएं नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण का निराकरण शीघ्र अतिशीघ्र शिविर में अपेक्षित होता है. साथ ही नल लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियोंध्गलियों की साफ सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी फुटी नालियों का मरम्मत, सडकों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट के मरकरी बल्ब ट्यूब का बंद रहना आदि सारी समस्याओं का निराकरण मौके पर ही शीघ्रता से किया जाना है. इससे स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का निराकरण भी हो सकेगा। शिविर में करदाताओं को करो का भुगतान वार्ड में करने की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./13714/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 08-08-2024

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13714**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223L00190** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DALJEET SINGH CHHABRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LATE. MANOHAR SINGH CHHABRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री बलदीप छाबड़ा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - श्री बलबीर सिंह छाबड़ा** मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा शिक्षकों हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**रायपुर विश्व परिवार।** भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा श्मानकों के माध्यम से विज्ञान शिक्षण पर शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन को होटल सैमरॉक ग्रीन्सक बॉय जारडीन रायपुर मे सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के 20 जिलों के 56 विद्यालयों से 102 विज्ञान संकाय के शिक्षकों ने भाग लिया। भारतीय मानक ब्यूरो की पहल मानकों के माध्यम से विज्ञान शिक्षण का उद्देश्य मानकों के माध्यम से छात्रों के बीच वैज्ञानिक ज्ञान और समझ को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत आम जीवन मे इस्तेमाल हेने वाली उत्पादों में प्रयुक्त विज्ञान के सिद्धांतों के लिए 52 पाठ योजनाओ को विकसित किया गया है। विज्ञान के शिक्षकों को इन पाठ योजनाओ पर प्रशिक्षित किया गया जिससे वह






अपनी शिक्षण विधि में अनुप्रयोग कर सकें।

श्री दिब्येपन्दुत चक्रवर्ती वैज्ञानिक.जी एवं उपमहानिदेशक पूर्वी क्षेत्र भारतीय मानक ब्यूरो ने राष्ट्र में गुणवत्ता जागरूकता के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा संचालित आउटरिच कार्यक्रमों जैसे की केंद्र एवं राज्य सरकार के अधिकारीयों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम उद्योगों के लिए उत्पांद संबंधित प्रशिक्षण शैक्षणिक संस्थाएनों में छात्रों के लिए मानक क्लिब शैक्षणिक संस्थाषनों के साथ समझौता ज्ञापन एवं ग्राम.पंचायत संवेदीयकरण कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने देश में गुणवत्ता जागरूकता में शैक्षणिक संस्थागनों एवं शिक्षकों की महत्ता के बारे में जानकारी दी। सुमित कुमार वैज्ञानिक ईनिदेशक एवं प्रमुख भारतीय मानक ब्यूरोए रायपुर ने जानकारी दी की भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा देश भर में 10.000 से अधिक स्टैंडर्ड क्लब स्थापित किए हैए जिनमें पाँच लाख से अधिक विद्यार्थी सदस्यस के रूप में जुड़े हुए है। छत्तीसगढ़ राज्य में 177 शैक्षणिक संस्थानों में स्टैंडर्ड क्लब स्थापित है जिनमें पांच हजार से अधिक विद्यार्थी सदस्य के रूप में जुड़े हुए है। इन क्लाबों के अंतर्गत विभिन्ना प्रकार की गतिविधियां जैसे. मानक लेखन प्रतियोगिताए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं मानकों पर परिचर्चाए उद्योगों प्रयोगशालाओं आदि में एक्स पोजर विजिट के माध्यम से गुणवत्ता एवं मानकीकरण के क्षेत्र मे युवा प्रतिभाओं को सीखने का अवसर मिलता है। भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर शाखा कार्यालय के अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को मानकों के माध्यम से विज्ञान शिक्षण के बारे मे प्रशिक्षण दिया गया जिनमें राहुल कुमार गुप्ता वैज्ञानिक सी उप नदेशक ऋषव सिन्हाए वैज्ञानिक बी सहायक निदेशक और आशीष अग्रवाल वैज्ञानिक बीसहायक दीपक साहू वैज्ञानिक बीसहायक निदेशक शामिल थे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13113/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 26-07-2024

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13113**
**वार्ड का नाम- 17 - ठक्कर बापा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **17** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107C0001B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUNIL KUMAR KHATRI, AMIT KUMAR KHATRI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHYAM SUNDER KHATRI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NERALLA KRISHNA PRASAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N.V. SURYANARAYANA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13114/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 26-07-2024

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13114**
**वार्ड का नाम- 17 - ठक्कर बापा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **17** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107C00001** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SEEMA SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASHOK SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NERALLA KRISHNA PRASAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N.V. SURYANARAYANA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13103/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 25-07-2024

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13103**
**वार्ड का नाम- 17 - ठक्कर बापा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **17** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108A00920** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **M. SHANKAR RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE SHRI M APPALA RAMU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **M ISHWAR RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **M APPALA RAMU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13257/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 26-07-2024

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13257**
**वार्ड का नाम- 17 - ठक्कर बापा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **17** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108A0151B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMAL KUMARI SWAMI AJAY SWAMI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BABU LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PRADEEP SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13340/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 01-08-2024

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13340**
**वार्ड का नाम- 17 - ठक्कर बापा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **17** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR109D00527** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JEEVAN SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TUKARAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **POSHAN LAL SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARMADA PARA RAIPUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /13720/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 08-08-2024

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13720**
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **69** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568B00325** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DEEPA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MITESH KUMAR SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 - SWAROOP BISEN 2 - VANDANA BISEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. ASHOK BISEN 2- ASHOK BISEN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./13715/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 08-08-2024

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13715**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कलाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **28** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223N00041** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MRS. RITA CHOPDA W/O HARDEEP CHOPDA, REKHA CHOPDA W/O PRADEEP CHOPDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N/A** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री ओम प्रकाश चोपड़ा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- स्व. श्री केवल कृष्णा चोपड़ा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./..7028../ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 08-08-2024

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 7028**
**वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **30** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331D00108** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANPREET KAUR CHHABRA AND DEVENDRA PAUL SINGH CHHABRA** पिता/पति श्री/श्रीमती **DEVENDRA PAL SINGH CHHABDA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AANCHAL PRITAM JAIN** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O PRITAM RAJENDRA JAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर शुक्रवार 09 अगस्त 2024



# जिला पुलिस ने 49 साईलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न जप्त किये

### मोडिफाइड सायलेंसरों पर कोरबा जिला के सभी थाना/चौकी ने की संयुक्त कार्यवाही



**कोरबा(विश्व परिवार)।** उच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि प्रदुषण रोकथाम निर्देश दिये गये है उसी तारतम्य में कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन पर थाना/चौकी यातायात पुलिस द्वारा मोडिफाइड सायलेंसरो एवं प्रेशर हार्न के विरूद्ध एमवी एक्ट और धारा 106 बीएनएसएस के तहत् जप्ती की कार्यवाही की गई। राजसात कार्यवाही के पूर्व प्रदुषण नियंत्रण इंजीनियर के द्वारा मोडिफाईड सायलेंसरो का निरीक्षण किया जा रहा है तथा ध्वनि प्रदुषण पीड़ित लोगो का कथन लिया जा रहा है। डिजिटल साक्ष्य भी संकलित किया जा रहा है ताकि इस संबंध में कड़ी कार्यवाही की जा सकें।

उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार 23.01.2024 को रेंज स्तरीय मिटिंग ली गयी जिसमें बिन्दुवार निर्देश प्राप्त हुआ कि

01. थानावार सूची बनायी जावें जिसमें मालिक का विवरण, डीजे की जानकारी, प्रेशर हार्न, सायलेंसर की जानकारी रहें एवं नियम विरूद्ध डीजे/प्रेशर हार्न उपयोग करने वाले के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावें।

02. ध्वनि प्रदुषण संबंधित प्रावधानों का पहली बार उलंघन किया जा रहा है अथवा दूसरी बार, यदि पहली बार उलंघन किया है तो उसे ऑनलाईन दर्ज करे ताकि, दूसरी बार उंलघन होते ही पता चले, क्योकि पहली बार संबंधित न्यायालय में सुनवाई होगी लेकिन दूसरी बार उलंघन पायें जाने पर माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष सुनवायी होगी।

03. ध्वनि मापक यंत्र से साक्ष्य एकत्रित किया जाए। विडियोग्राफी से भी साक्ष्य लिया जाए और उसे संबंधित प्रकरण के साथ प्रस्तुत किया जाए।

04. बिना अनुमति के मोडिफाइड वाहनो पर तत्काल कार्यवाही की जावे, यदि वाहन अनुमति का है और उसके ध्वनि प्रदुषण किया जा रहा है तो उस पर भी कार्यवाही होगी। ऐसे ध्वनि प्रदुषण फैलाने वाले यंत्र को वाहन से उतरवाया जाए, सख्ती से कार्यवाही किया जाए। वाहनों के विरूद्ध पहले से कार्यवाही की जावेगी तो ज्यादा असर कारक होगी।

कोरबा पुलिस के द्वारा ध्वनि प्रदुषण वाली मोटरसाइकिलों के खिलाफचलाई गई विशेष अभियान में कुल 42 नग साईलेंसरों एवं साथ में प्रेशर हॉर्न को पुलिस कब्जा लिया। पुलिस के द्वारा इसमें एमवी एक्ट की कार्यवाही की और प्रत्येक गाड़ी से 2300 रुपए समन शुल्क जमा कराया और पृथक से जप्ती की कार्यवाही भी करी। इस कड़ी में वाहन चालको को समझाईश भी दी गयी। कोरबा पुलिस के द्वारा विभिन्न ऑटो पाट्र्स/गैरेज दुकानों में भी रेड कार्यवाही की और कुल 7 नग मॉडीफ़ाइड साइलेंसर 106 बीएनएसएस के तहत जप्त किया। ये कार्यवाही मुख्यत: चौकी सर्वमंगला, मानिकपुर, थाना कटघोरा, कोतवाली, कुसमुंडा यातायात और दर्री के द्वारा की गई है। कोरबा पुलिस ने अनुरोध किया है कि आप सुरक्षित रहें और ध्वनि प्रदुषण वाली मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल न करें। और अगर कही मॉडीफ़ाइड साइलेंसर बिक रहा है तो उसकी सूचना हमें दे। इससे आप न केवल अपनी सुरक्षा की गारंटी करेंगे, बल्कि समृद्धि की दिशा में भी मदद करेंगे। हम सभी को एक सुरक्षित और शांत सड़कों की दिशा में एकजुट होकर दुर्घटना मुक्त शहर बनाने के लिए आमंत्रित करते हैं।

# नागरिकों के समस्याओं के निराकरण के लिए जनसमस्या निवारण पखवाड़ा जारी

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर नगरीय निकायों में 27 जुलाई से सतत जारी है। जिसमें शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी मांग व समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। जिनका विधिवत् त्वरित निराकरण की पहल की जा रही है। आज महासमुंद के वार्ड क्रमांक 25 व 26 के जन समस्याओं एवं मांग संबंधी समाधान के लिए शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन महामसुंद में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री पवन पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग, श्री संदीप दीवान, श्री ऐतराम साहू, पार्षद श्री देवीचंद राठी, श्री मनीष शर्मा, श्री महेन्द्र जैन, श्री अमृत चोपड़ा, श्रीमती निरंजना शर्मा, श्रीमती शुभ्रा शर्मा, श्री लाल विजय सिंग, श्री भाऊराम साहू, श्री यतेन्द्र राव, श्री मोहन साहू, श्री पवन साहू, श्री आकाश पांडेय, श्री अभिषेक पांडेय एवं श्री हनीष बग्गा मौजूद थे। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री पवन पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव के मार्गदर्शन में शिविर को जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए एक बेहतर मंच बनाया गया है। सभी नागरिक इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित कार्रवाई करने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य नगरीय समस्याओं का तत्काल और समय-सीमा में निराकरण करना है। शिविर को श्री संदीप दीवान ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस पखवाड़ा का उद्देश्य स्थानीय रहवासियों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना निकाय का मुख्य दायित्व है। वार्डवार जनसमस्या निवारण शिविरों का उद्देश्य इन समस्याओं के निराकरण के साथ ही नागरिकों को जरूरी जन सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका छोटी-छोटी समस्याओं जैसे सफाई, बिजली, पानी आदि का तत्काल निराकरण करें। उन्होंने नागरिकों से अपनी मांग एवं समस्याओं के संदर्भ में आवेदन देकर लाभ उठाने की अपील की।

# बाल सक्षम नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चलाया गया अभियान

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** जिला कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देश एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम द्वारा बाल सक्षम नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विगत दिवस विश्रामपुर शहरी क्षेत्र में बाल भिक्षावृत्ति, अपशिष्ट संग्राहक, बाल श्रमिक, मादक द्रव्यों के शिकार बच्चों के संरक्षण एवं एक युद्ध नशे के विरुद्ध के तहत सम्बंधित वैधानिक प्रावधानों के क्रियान्वयन हेतु बाजार क्षेत्र, बस स्टैंड, गैरेज, मुख्य बाजार दुकानों, होटलों ,रेलवे स्टेशन एवं मटन बाजार पर जाकर बाल मजदूरों/बाल भिक्षावृत्ति रोकने हेतु प्रयास किया गया। साप्ताहिक बाजार के मटन मार्केट में सभी दुकानों का औचक निरीक्षण के दौरान एक अंतरराज्यीय बालक काम करते हुए पाया गया जिसे संयुक्त टीम द्वारा बाल कल्याण समिति सूरजपुर के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु अपने संरक्षण में लिया गया। मटन एवं मछली मार्केट के समस्त दुकानदारों को समझाइश दी गई की किसी भी नाबालिग बच्चे को अपने दुकान में कार्य पर ना रखे तथा ऐसा करते पाए जाने पर उनके विरूद्व कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद बस स्टेन्ड में स्थित विभिन्न होटलों एवं दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं बाल श्रमिक न रखने की समझाइश दी गई। इस तरह के कार्यों में लिप्त बच्चों की सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, चाईल्ड लाईन हेल्पलाईन नं0 1098 एवं पुलिस को दी जा सकती है। शिवनंदन पुर बस्ती, मुख्य बाजार एवं बस स्टैण्ड स्थित कई होटल, रेस्टोरेंट, पान दुकान, तथा 35 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घुमकर बाल श्रम, भिक्षावृत्ति एवं बच्चों के नशा के संबंध में समझाइश दी गई।

# कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कृषक को मिलेगा कृषक रत्न पुरस्कार

**रायगढ़(विश्व परिवार),।** राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर 2024 के अवसर पर राज्य के सबसे उत्कृष्ट कृषक को डॉ.खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प संचालक कृषि रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पुरस्कार के लिए आवेदन कृषि विभाग के विकासखण्ड कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ सफलता की कहानी अधिकतम दो पेज, उत्कृष्ट कार्यों की रंगीन छायाचित्र और वीडियो सीडी संलग्न करना होगा। आवेदन कर्ता कृषक विगत 10 वर्षो से कृषि कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में कर रहे हो और छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हो। इसमें ऐसे कृषक ही आवेदन कर सकेंगे जिसकी कुल आमदनी में से 75 प्रतिशत केवल कृषि से हो एवं किसी प्रकार का सिंचाई शुल्क/सहकारी बैंकों का कालातीत ऋण न हो। चयन व मूल्यांकन मापदण्ड के तहत फसल में विविधीकरण और उत्पादकता वृद्धि के लिए नवीन कृषि तकनीकी अपनाने का स्तर होना चाहिए। उन्नत कृषि तकनीकी के प्रचार-प्रसार व अन्य कृषकों द्वारा अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु प्रयास किया गया हो। विगत तीन वर्षो में विभिन्न फसलों के उत्पादकता का स्तर कृषि व सहयोगी क्षेत्र में कृषक द्वारा किया गया हो।

# आश्रम -छात्रावासों का निरीक्षण करें अधिकारी : कलेक्टर

### टीएल के लंबित मामलों की गहन समीक्षा



**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अवनीश शरण ने टीएल की बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित शिकायतों एवं समस्याओं की जानकारी लेते हुए इनका तेजी से निराकरण करने कहा। कलेक्टर ने आश्रम और छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सर्विलांस का काम लगातार जारी रखने कहा। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान, डीएफओ सत्यदेव शर्मा, एडीएम आर.ए. कुरूवंशी सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे। जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देश दिए कि क्लोरीनेशन का काम लगातार किया जाए। 06 अगस्त को जिले में पालक शिक्षक संयुक्त बैठक आयोजित की जा रही है। कलेक्टर ने डीएमसी समग्र शिक्षा को इसके लिए पूरी तैयारी करने कहा। उन्होंने अवैध अतिक्रमण पर भी लगातार कार्रवाई करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए।

# अपहरण व फिरौती मामले के अभियुक्त को अदालत ने किया दोषमुक्त

### अधिवक्ता धनेश सिंह ने की थी पैरवी



**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर के मानिकपुर में 5 अगस्त 2015 में हुए अपहरण व फिरौती के मामले में अभियुक्त को सत्र न्यायाधीश की अदालत में दोषमुक्त कर दिया है। अभियुक्त की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता धनेश सिंह की जानकारी के अनुसार शांतनु शर्मा के नाना रामलखन शर्मा द्वारा 5 अगस्त 2015 को पुलिस चौकी मानिकपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी कि उसकी छोटी पुत्री की पुत्र उसके साथ रहकर सनराईज प्राथमिक शाला कृष्णानगर में कक्षा 2री में पढ़ता है। जानकारी के अनुसार गत 5 अगस्त 2015 को करीब 6.15 बजे मोहल्ले के पूजा पंडाल में खेलने गया था। वह अपने घर के पास टहल रहा था। करीब 7 बजे रात में मोहल्ले के भावेश नामक बालक उसके पास आकर कागज के लायनिंगदार 4 पन्ने में लाल स्याही से लिखा हुआ कागज दिया और बताया कि दो अलग-अलग मोटर सायकल में दो-दो सवार लडके दुर्गा पंडाल के पास आये। एक मोटर सायकल में सवार दो लडके ने खेल रहे शांतनु उर्फ लक्की को पास बुलाकर मोटर सायकल में बैठाकर ले गये तथा दूसरे मोटर सायकल में सवार लडकों ने उसे बोला कि ये कागज के पन्ने उसको दे देना। तब कागज को देखकर वह पढ़ा जिसमें शांतनु के अपहरण के संबंध में लिखा हुआ था तथा जिंदा देखना चाहते हो तो कागज के पन्ने के नीचे लिखे मोबाईल नंबर में कॉल करने का उल्लेख तथा धमकी भरे शब्द लिखा था। किसी को संबंध में बताया गया तो जान से खत्म कर देंगे। तब वह पढक़र भयभीत होकर अपने छोटे पुत्र राजेश शर्मा को कागज के पन्ने दिखाकर नीचे लिखे मोबाईल नंबर पर कॉल किया। बातचीत उपरांत बताया कि उसके नाती शांतनु को अपहरण कर लिये है, बदले में 5 लाख रूपये दोगे तो छोड़ेगें नहीं तो जान से खत्म कर देंगे। प्रार्थी की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए मानिकपुर ने पुलिस ने जब जांच पड़ताल की और अभियुक्त प्रशांत सिंधे के कॉल डिटेल के आधार पर पता चला कि वह अभियुक्त के अधिपत्य में सीएसईबी कालोनी के मकान में अपहरण के बाद रखा गया है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शांतनु को बरामद किया। वहीं अभियुक्तों के मेमोरण्डम के आधार पर प्रशांत शिंदे से ग्लैमर, लाल-काला रंग का एक मोटर सायकल, इंटेक्स कंपनी का मोबाईल डबल सिम वाला, एक डायरी, काले रंग का मार्कर पेन, लाल स्याही वाला बालपेन, एक गमछा, एक स्लेटी रंग का मोबाईल, प्रमोद रात्रे से हीरोहोण्डा पेशन वह एक लोहे का चाकू नूमा रॉड, सूरज से एक धारदार चाकू जब्त किया गया। मामले में अपचारी बालक होने के कारण उनके विरूद्ध प्रकरण किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया। शेष अभियुक्तों के विरूद्ध प्रकरण तैयार कर विचारण हेतु मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट कोरबा के न्यायालय में पेश किया गया। मामले में अदालत की सुनवाई होती रही। इस दौरान अभियुक्त प्रशांत शिंदे के विरूद्ध कोई भी प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों का साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया, साथ ही अपृहत बालक शांतनु ने भी अभियुक्त को पहचानने से इंकार कर दिया। जिससे अभियोजन की कहानी ने संदेह उत्पन्न हो गया। चूंकि अन्य अभियुक्त प्रमोद व सूरज को न्यायालय द्वारा दोषमुक्त किया गया अत: अदालत ने प्रशांत शिंदे को भी दोषमुक्त किये जाने का फैसला सुनाया।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ़्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के पाली थानाक्षेत्र में पिछले दिनों एक व्यक्ति के घर में घूसकर उसके तथा उसके परिजनों के साथ मारपीट करने तथा घर में तोड़फोड़ करने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार किये जा चुके है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी समेसिह गोड पिता स्व रामसाय गोड उम्र 60 वर्ष निवासी उडान चौकी चैतमा, थाना पाली जिला कोरबा ने 4 अगस्त को पाली थाने में शिकायत दर्ज कराया था कि बोधराम पिता शंखराम अपने साले एवं अशोक उर्फ सोगू पिता शंखराम के साथ मिलकर लाठी डंडा लेकर उसके घर अंदर घुसकर उसे लाठी डण्डा, लात घुसा से उसकी पिटाई की तथा गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही मेरी पत्नी श्याम बाई एवं बेटा जीवन सिंह तथा बडी बहू रामायण कुंवर बीच बचाव करने आये तो उनके साथ भी मारपीट की गई। रने लगे। आरोपियों ने दूकान के अंदर घूसकर दूकान के राशन सामान तेल का डिब्बा ,कुर्सी टेबल, फ्रिज, तौल कांटा ,खाना बनाने की बर्तन आदि सामग्री को तोडफ ोड़ कर नुकसान पहूंचाया हैं। रिपोर्ट पर आरोपीगणो के विरूद्ध धारा- 296, 351(1), 115(2), 324(4), 331(6), 3(5) बी.एन.एस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपीगण बोधराम पिता शंखराम उम्र 24 साकिन उडान चौकी चैतमा थाना पाली, अशोक उर्फ सोनू पिता षंखराम उम्र 22वर्ष साकिन उडान चौकी चैतमा थाना पाली जिला कोरबा को चौकी से 40 किलो मीटर दुर पहाड़ क्षेत्र पेंड्रा बार्ड ग्राम उडान से दिनांक 5 अगस्त को गिरफ़्तार किया गया एवं तीसरा आरोपी मनोज कुमार पिता सीमान सिंह गोंड उम्र 24 साल निवासी तेलसरा चौकी का पता लगाने पर केरला भागने की फिराक मे होने की जानकारी मिलने पर पता तलाश किया जा रहा था।

### जंगल में बड़ी संख्या में मिले आधार कार्ड

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में कटघोरा वन मंडल के पाली अंतर्गत दमिया जंगल और रंगोले वन क्षेत्र में बड़ी संख्या में आधार कार्ड फेंका हुआ मिला है। मॉर्निंग वॉक पर गए कुछ लोगों ने इसे देखा। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार लावारिस हालत में जंगल में फैले सैकड़ो आधार कार्ड को जानबूझ कर फेंका गया प्रतीत होता है। क्योंकि यह लावारिस हालत में रहता तो किसी बैग या बोरे में मिलता, लेकिन यह दूर-दूर तक फेंका हुआ पड़ा है। जो पानी में खराब हो रहा है। यह किसकी लापरवाही का नतीजा है यह जांच का विषय है। केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी विशिष्ट पहचान पत्र आधार कार्ड को नामांकित व्यक्तियों तक पहुंचाने की जवाबदेही डाकघर की होती है। बताया जा रहा हैं की प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि किसी डाक कर्मी ने वितरण करने के बजाय इसे फेंक दिया होगा। अधिकांश आधार कार्ड में झाबर (दीपका) के नाम पते उल्लेखित हैं, लेकिन इस तरह से आधार कार्ड को फेंका जाना बड़ी लापरवाही का नतीजा कहा जा सकता है। इसकी जांच और कार्यवाही अति आवश्यक है। हाल ही में बड़ी संख्या में सभी लोक सेवा केंद्रों में आधार कार्ड अपडेट हुआ है। इस पहचान पत्र के जरिए शासन की विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ लेना हो, निर्वाचन या अन्य कोई भी शासकीय योजना, निजी काम हो आधार कार्ड सबसे महत्वपूर्ण पहचान पत्र माना जाता है। इसे संबंधितों तक न पहुंचाकर जंगल में फेंक दिया गया है।

### जनसमस्या निवारण शिविरों में लोगों की उमड़ रही भीड़

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर निगम कोरबा द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डो में लगाए जा रहे जनसमस्या निवारण शिविरों में काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं, 04 वार्डो में शिविर लगाए गए, इन सभी शिविरों में काफी संख्या में नागरिकगण अपनी समस्याएं व शिकायतें लेकर पहुंचे। स्वच्छता, स्ट्रीट लाईट, नल कनेक्शन, राशन कार्ड, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड से जुड़ी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया, निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने विभिन्न शिविरों का निरीक्षण किया, व्यवस्थाओं को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों के दिए। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों के साथ-साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी 27 जुलाई से आगामी 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है, पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्डो में शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड क्र. 11 जोन कार्यालय, वार्ड क्र. 31 कनौजिया राठौर, वार्ड क्र. 42 शिव नगर व वार्ड क्र. 44 रामनगर में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट मरम्मत, नल कनेक्शन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड से जुड़ी विभिन्न शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया, इन सभी शिविरों में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार दवाईयाँ उपलब्ध कराई गई।

# संपादकीय

## हिंसा को रोकने का आह्वान

यह थोड़ी हैरानी वाली बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन सप्ताह पहले हुई रूस यात्रा के बाद भारत ने यूक्रेन समेत गाजा और म्यांमार में जारी हिंसा को रोकने का आह्वान किया। टोक्यो में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने न्यायसंगत और संतुलित विश्व व्यवस्था बनाए रखने और सभी राष्ट्रों की स्वतंत्रता, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का सम्मान करने की अपील की। इस बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने भी हिस्सा लिया। विदेशी मामलों के विशेषज्ञों द्वारा राष्ट्रों की स्वतंत्रता और संप्रभुता का सम्मान करने के आह्वान का आशय यूक्रेन पर रूसी आक्रमण से भी निकाला जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का अलगे महीने यूक्रेन की यात्रा पर ही जाने की चर्चा है जहां रूस-यूक्रेन संघर्ष पर विस्तार से वार्ता होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि मोदी की यूक्रेन यात्रा की अभी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। क्वाड की इस बैठक में पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में बलपूर्वक यथास्थिति बदलने की इकतरफा कार्रवाई की भी निंदा की गई। हालांकि किसी का नाम नहीं लिया गया लेकिन स्पष्ट रूप से चीन की ओर इशारा था। विदेश मंत्री जयशंकर ने स्वीकार किया कि भारत और चीन के रिश्ते अच्छे नहीं चल रहे हैं लेकिन दूसरी तरफ मई महीने में रूस के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई शिखर वार्ता विश्व की सबसे बड़ी घटना थी। यह शिखर वार्ता भावी विश्व व्यवस्था के निर्माण में नींव का पत्थर साबित हो सकती है। शिखर वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य को रूस और चीन के बीच 'असीमित साझेदारी' वाला दस्तावेज बताया गया। यूक्रेन युद्ध से ठीक पहले वर्ष 2022 में दोनों देशों ने असीमित समझदारी कायम करने का फैसला किया था। प्रधानमंत्री मोदी की जुलाई में हुई रूस यात्रा के ठीक पहले पुतिन और जिंगपिंग की कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित सुरक्षा शिखर सम्मेलन के दौरान वार्ता हुई थी। दोनों नेताओं के बीच यह एक वर्ष में दूसरी मुलाकात थी। कुछ विशेषज्ञों का विश्वास है कि रूस और चीन की मित्रता ने भारत की चिंताएं बढ़ा दी हैं। भारत और चीन के शत्रुतापूर्ण संबंधों पर भविष्य में रूस का रुख क्या होगा यह कहना मुश्किल है। क्या टोक्यो में आयोजित क्वाड की बैठक में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ एकजुट होकर चीन के प्रति भारत का मुखर होना कुछ विशेष संकेत दे रहा है?

# तीसरे कार्यकाल में शासन की निरंतरता बनी रहे


**अजीत द्विवेदी**



नरेंद्र मोदी ने बतौर प्रधानमंत्री अपने तीसरे कार्यकाल में शासन की निरंतरता जारी रखी है। केंद्र सरकार के सभी अहम मंत्रालयों में पुराने मंत्रियों की वापसी हुई है। राजनाथ सिंह प्रतिरक्षा संभालते रहेंगे तो देश की आंतरिक सुरक्षा का जिम्मा अमित शाह के पास ही रहेगा। अगर वे अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करते हैं तो यह एक रिकॉर्ड होगा क्योंकि देश में आज तक कोई भी नेता 10 साल तक गृह मंत्री नहीं रहा है। अर्थ नीति और विदेश नीति का जिम्मा क्रमशः निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर के पास ही है और सड़क परिवहन व राजमार्ग का जिम्मा नितिन गडकरी के पास है। शिक्षा के क्षेत्र में जो कुछ हो रहा है उसे चलाए रखने की जिम्मेदारी फिर से धर्मेंद्र प्रधान के ऊपर डाली गई है। कुल मिला कर देश की आर्थिक, सामरिक, सामाजिक नीतियों में कम से कम मंत्रियों के जरिए निरंतरता का संदेश दिया गया है। पहले ऐसा लग रहा था कि लोकसभा के आंकड़े बदलने और नई राजनीतिक स्थितियां पैदा होने से सरकारी की संरचना में बदलाव आएगा। प्रधानमंत्री मोदी के लिए निरंतरता बनाए रखने में मुश्किल होगी। लेकिन उन्होंने नई स्थितियों में भी शासन का पुराना ढांचा बनाए रखा है। अपने अपने विभागों में पुराने मंत्रियों की वापसी से यह संदेश गया है कि भाजपा ने अपने चुनाव घोषणापत्र में नीतियों की जिस निरंतरता का वादा किया था उसमें कोई बदलाव नहीं आने वाला है।ध्यान रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कहते रहे हैं कि उन्होंने अपने कार्यकाल के पहले 10 साल में जो काम किया है वह 'ट्रेलर' है पूरी फिल्म बाकी है। चुनाव प्रचार में उन्होंने एक रूपक का इस्तेमाल किया और कहा कि उनका अब तक का कामकाज 'स्टार्टर है, मेनकोर्स अभी बाकी है'। अगर त्रिशंकु लोकसभा की वजह से सरकार की संरचना में बदलाव होता तो निश्चित रूप से उसका असर सरकार के कामकाज पर होता। उसकी नीतिगत और प्रशासनिक निरंतरता प्रभावित होती। कह सकते हैं कि नई राजनीतिक स्थितियां उभरने के बाद भी प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बाधा पार कर ली है। परंतु सवाल है कि क्या यह स्थिति स्थायी रहने वाली है या गठबंधन की मजबूरियां सरकार के कामकाज पर असर डालेंगी? यह सवाल इसलिए है क्योंकि सहयोगी पार्टियों को उनकी संसदीय ताकत के हिसाब से कम मंत्री पद देने और अपेक्षाकृत कम महत्व के मंत्रालय देने का विरोध हुआ है। यह विरोध बहुत उग्र नहीं है फिर भी कई पार्टियों ने आपत्ति की है और दबी जुबान में ही सही विरोध प्रकट किया है। तभी उनके समर्थन और उनकी चुप्पी को सरकार फॉर गारंटेड नहीं ले सकती है। भले वे सरकार की स्थिरता के लिए खतरा पैदा नहीं करें लेकिन नीतिगत मसले पर सरकार को कठघरे में खड़ा कर सकते हैं और अगर विपक्षी पार्टियां किसी मसले पर मजबूत विरोध दर्ज कराती हैं तो सहयोगी भी इस मौके का इस्तेमाल सरकार पर दबाव बनाने के लिए कर सकते हैं। यह स्थिति स्थायी रहने वाली है। विपक्षी पार्टियां भी सत्तारूढ़ गठबंधन की इस फॉल्टलाइन का इस्तेमाल करने का प्रयास करेंगी। यह सही है कि सरकार को संख्या के लिहाज से खतरा नहीं है लेकिन वह सहयोगी पार्टियों को एक सीमा से ज्यादा पीछे धकेलने की जोखिम नहीं ले सकती है। अगर सहयोगी पार्टियां जोर देकर कोई बात कहती हैं तो प्रधानमंत्री को उस पर ध्यान देना होगा। जैसे कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने अपने मंत्रालय का कामकाज संभालते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता का कानून सरकार के एजेंडे का हिस्सा है वैसे ही जनता दल यू के महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि एजेंडा है लेकिन इस पर सबकी सहमति से ही आगे बढ़ना है। सो, इस तरह के नीतिगत मसलों पर भाजपा की सहयोगी पार्टियों की बारीक नजर रहेगी। वैसे भारत की राजनीति में यह कोई नई बात नहीं है। 1989 से लेकर 2014 तक यानी ढाई दशक देश में गठबंधन की सरकार चली और उन सरकारों में जो भी प्रधानमंत्री बना उसने अपने कामकाज की शैली राजनीतिक स्थितियों के अनुरूप ही रखी। प्रधानमंत्री देश हित, क्षेत्रीय आकांक्षा और राजनीतिक मजबूरियों के बीच बारीक संतुलन साध कर चलते रहे। यह अलग बात है कि महज 145 सांसद होने के बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जुलाई 2008 में अमेरिका के साथ परमाणु संधि जैसे विवादित नीतिगत मसले को मंजूरी दिलाई। लेकिन उस दौर के प्रधानमंत्रियों और नरेंद्र मोदी में एक फर्क यह है कि मोदी ने कभी गठबंधन की सरकार नहीं चलाई है, जबकि वीपी सिंह से लेकर चंद्रशेखर, पीवी नरसिंह राव, एचडी देवगौड़ा, आईके गुजराल, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह गठबंधन से ही प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने अपनी पार्टियों का पूर्ण बहुमत नहीं देखा। सो, वे पहले दिन से गठबंधन की मजबूरियों के साथ चले, जबकि मोदी को पहली बार गठबंधन की मजबूरियों का सामना करना पड़ रहा है। सो, वे किस तरह से परिस्थितियों के साथ सामंजस्य बैठाते हैं यह देखने वाली बात होगी। यह सही है कि पहले की गठबंधन सरकारों के मुकाबले उनकी सरकार में गठबंधन का नेतृत्व कर ही उनकी पार्टी के पास कुल 82 फीसदी सीटें हैं। इस लिहाज से वे पहले गठबंधन में बने प्रधानमंत्रियों के मुकाबले बेहतर स्थिति में हैं फिर भी दबाव तो उन पर भी आएंगे और मजबूरियां उनके सामने भी आएंगी। अभी यह पता नहीं है कि कम मंत्री पद देने और कम महत्व के मंत्रालय देने के बावजूद उन्होंने सहयोगी पार्टियों को कैसे समझाया कि वे सरकार का हिस्सा बनें। आने वाले दिनों में इसकी परतें खुलेंगी। सरकार के दोनों बड़े सहयोगी यानी नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू केंद्र में अपने सांसदों को मंत्री बनवाने या उन्हें बड़ा मंत्रालय दिलाने से ज्यादा राज्य में अपनी सरकार की स्थिरता और कामकाज से मैसेज देने की कोशिश करने वाले हैं। इसलिए दोनों की प्राथमिकता राज्य की राजनीति है। दोनों विशेष राज्य के दर्जे की मांग कर रहे हैं और अगर विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलता है तो विशेष आर्थिक पैकेज पर उनका फोकस रहेगा। क्या प्रधानमंत्री मोदी ने इसका कोई वादा दोनों मुख्यमंत्रियों से किया है? बिहार में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं लेकिन जनता दल यू के नेता समय से पहले चुनाव चाहते हैं। वे बिहार विधानसभा में बड़ी पार्टी बनने की इच्छा रखते हैं। तो क्या केंद्र में कम मंत्री पद देने की भरपाई विधानसभा चुनाव में सीटों की साझेदारी में की जाएगी? क्या भाजपा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद पर बनाए रखते हुए उन्हें ज्यादा सीटें देकर चुनाव में जाएगी? इसी तरह एक समझौता राज्यसभा की सीटों पर भी होता है। अभी 10 राज्यसभा सांसदों के लोकसभा चुनाव जीत जाने से 10 सीटें खाली हो रही हैं। क्या उसमें सहयोगी पार्टियों को हिस्सेदारी मिलेगी? इसके अलावा राज्यपाल, बोर्ड और निगम, संसदीय नियुक्तियों आदि में भी सहयोगी पार्टियों को ज्यादा हिस्सेदारी मिल सकती है।

## अगस्त क्रांति वर्षगांठ /विशेष

# जरा याद करो कुर्बानी



ललितपुर। अगस्त क्रांति की वर्षगांठ पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि 7 अगस्त 1942 को जैसे ही गाँधी ने देशवासियों को करो या मरो का मूलमंत्र देकर अंग्रेजों भारत छोड़ो का शंखनाद किया – दो दिन के भीतर अंग्रेजों का तख्तापलटने के षडयंत्र के तहत गांधी जी, पत्नी कस्तूरबा सहित सभी अनुयायियों को जेल में डाल दिया। फ्लतः प्रदर्शन, सत्याग्रह, हड़तालों से देश का आँगन गूंज उठा। लगभग 2 हजार सेनानी पुलिस के हाथों शहीद हुए। 60 हजार जेल गए। अंग्रेजों ने गंगा किनारे का मालपानी – इंग्लैंड की टेम्स के किनारे तक निचोड़ने के लिए जो रेलों के साथ संचार व्यवस्था बनाई थी, अगस्त क्रांति में वह उनके लिए गले की फांसी सिद्ध हो गई क्योंकि करो या मरो तथा अंग्रेजों भारत छोड़ो का संदेश बम्बई के और भारत के सभी रेल्वे के देशभक्त स्टेशन मास्टरों ने सेकेंडों में नेताओं की गिरफ्तारी का संदेश पहुंचा दिया। आंदोलन ने आम जनता को इतना झकझोर दिया कि जनता की धड़कती नाड़ी पर हाथ रखते हुए शायर अकबर इलाहाबादी को महसूस हुआ कि –बुद्धू मियां ( समाज के अंतिम उपेक्षित वंचित व्यक्ति) भी हजरते गाँधी के साथ हैं,

■ संसार में कभी भी न डूबने वाले अंग्रेजों के साम्राज्य का सूर्य गांधी की आँधी में अस्ताचल की ओर अग्रसर हो उठा

गोगर्देराह(धूल कण) हैं, मगर आँधी के साथ हैं ।

स्वतंत्रता संग्राम के अहिंसक सेनापति गांधीजी ने अगस्त क्रान्ति के समय जनशक्ति की मंशा भांपकर , जब ' अँग्रेजो भारत छोड़ो ' का जयघोष किया तब अपने धोती परिधान ( बुन्देली में पर्दनी या परदनियां ) को छोड़ा नहीं , बल्कि धोती को मोड़कर उसे एक हाफ्मेंट में बदलकर वे एक सैनिक की भांति कूद पड़े । उनके प्रतिज्ञाबद्ध तने हुए हाथ की तर्जनी , द्वापर के और आधुनिक युग के ' मोहन ' मानों यह संदेश दे रहे हैं कि स्वाधीन भारत की विवेकशील जनता , एक उँगली पर ही , सारी जिम्मेदारियों का गोवर्धन पर्वत उठा लेगी ।

नि:सन्देह कैमरे से खींचा गया गाँधीजी द्वारा छेड़ी गई पुर-अमन बगाबत का यह श्वेत-श्याम चित्र इतना दुर्लभ है , जिसकी अग्रिम पंक्ति में जीत दिलाने के लिए अपराजिता नारी शक्ति कृत संकल्पित दिखाई दे रही है ।

संयोगवश, ललितपुर में अनादिकाल से एक गांव का नाम करमरा भी है, जो द्वापर के मोहन के गीता के निचोड़ – दो शब्दों वाले कर को न जाने कब से व्यक्त कर रहा है। वर्तमान युग के मोहनदास गांधी ने करो या मरो का नारा देकर सिद्ध कर दिया है कि करने वाला ही मृत्यु के बाद भी अमर रहता है। सन् 1942 के महासंग्राम में भाग लेने वाले योद्धाओं की लंबी माला में ललितपुर जैसे अति छोटे से जिले के दो शहीद होने वाले मोतियों में से एक हैं श्री बाबूलाल फूलमाली, दूसरे श्री डालचन्द जैन , जिनकी शहादत की चमक कभी भी फीकी नहीं पड़ सकती।

# नागपंचमी विशेष–सांप नहीं होते आस्तीन के सांप...

*विजय मिश्रा 'अमित'


भारत भर में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है।



इस पर्व पर नाग सांपों की पूजन की परम्परा है। वेद ग्रंथ तथा वैज्ञानिक तथ्य इस बात की पुष्टि करते हैं कि सर्पों की उत्पत्ति मानव समुदाय को हानि पहुंचाने के लिए नहीं हुई है। अनेक दृष्टि से सर्पों को मानव जाति के लिए जीवनदाता की श्रेणी में रखा गया है। सर्पों की उपादेयता की जानकारी के अभाव में तथा जहरीले सर्पों के भय से मानव समुदाय सदैव सांपो को अपना दुश्मन मानता आया है, जबकि वैज्ञानिक तथ्य बार-बार इस बात को व्यक्त करते है कि सर्प मानव के लिए शत्रु से कहीं ज्यादा मित्र है। किसी इंसान के समक्ष अचानक आ जाने पर अपने बचाव के लिए ही सर्प उसे काटते है अन्यथा सांपों की प्रवृत्ति एकांत में रहने की ही है।

### अन्नदाता की भूमिका में सांप

मानव समुदाय के लिए सांप मित्र होते है। इसे कृषि वैज्ञानिकों ने तार्किक ढंग से सिद्ध किया गया है। भारत मूलतः एक कृषि प्रधान देश है। यहां खेत एवं उपज को नुकसान पहुंचाने वाले चूहे एवं अन्य कीड़े-मकोड़े आदि का भक्षण कर सांप फसलों की रक्षा करते है। इन अर्थों में देखे तो अप्रत्यक्ष रूप से सांप हमारे अन्नदाता हुए, क्योंकि वे अन्न को नुकसान पहुंचाने वाले जीवों को खा जाते है और अन्न की बर्बादी को रोकते हैं। पर्यावरण संतुलन में भी इनकी भूमिका होती है। आषाढ़ और सावन माह में सर्प जाति अधिक सक्रिय देखी जाती है,दरअसल बारिश के मौसम में खेतों के रक्षक एवं कृषकों के मित्र सर्पों का प्राकृतिक आवास (बिल, पेड़ों के खोह) पानी भर जाने के कारण के नष्ट हो जाते है। ऐसी परिस्थिति में सांपों का बाहर निकलना एक स्वाभाविक प्रकिया है। यही वजह है कि सर्प दंश की ज्यादातर घटनाएं वर्षाकाल में ही होती है। यह भी याद रखना चाहिए कि अधिकतर सांप जहरीले नहीं होते, अतः देखते ही सांपों को मार डालने की प्रवृत्ति मानव समुदाय संग सांप के लिए भी घातक सिद्ध होगी। सर्पों के प्रति संवेदना बनाये रखने तथा अन्न एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने में योगदान देने हेतु कृतज्ञता के भाव व्यक्त करने की दृष्टि से ही नागपंचमी का पर्व मनाने की प्रथा प्रारंभ हुई। नागपूजन की परम्परा अत्यंत प्राचीन है। यह परम्परा भारत के अलावा अन्य देशों में भी प्रचलित है। भारत में लगभग 140 प्रजातियों के सर्प पाये जाते है जिनमें से ज्यादातर जहरीले नहीं होते। अनावश्यक छेड़े जाने पर अथवा अनायास किसी मनुष्य के निकट आ जाने पर अपने बचाव के लिए वे काटते है। भारत में 15 से 20 प्रतिशत अनाज को चूहे तथा अन्य जीव बर्बाद कर देते है या फ्रि चट कर जाते है। विश्व स्तर पर किये गये सर्वेक्षण में पाया गया कि दुनिया भर के खाद्य पदार्थ में से 5 प्रतिशत हिस्सा चूहे हजम कर जाते है। इतने खाद्य पदार्थो से 10 करोड़ से अधिक लोगों को भूखमरी से बचाया जा सकता है। अन्नों के दुश्मन चूहों को खाकर नष्ट करने के कारण ही सांपो को मनुष्य मित्र कहलाने का हक मिला है।



### कान नहीं होते सांप के

सांप देख सकते है ।सुंघ सकते है, पर सुन नहीं सकते। सांपों के कान नहीं होते उनके कान का काम इनकी त्वचा करती है ।इनके द्वारा ही सांपों को किसी प्रकार की ध्वनि-कंपन का आभास होता है, अतः बीन की आवाज पर सांप नाचते हैं सोचना एक मिथक है। नाग सांप दूध भी नहीं पीते है जैसा कि नागपंचमी के दिन दिखाया जाता है।

### सर्पों की खाल का व्यापार

सृष्टि के सभी प्राणी एक दूसरे पर आश्रित है ।इसमें मानव सर्प संबंध भी शामिल है। ऐसे में एक प्राणी का लुप्त प्राय होना शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। सर्पों के बारे में यही बात लागु होती है। सर्पों के विष और खाल का व्यापार भी सर्प प्रजाति के अस्तित्व के लिए खतरा बना हुआ है। भारत वर्ष में तंजौर (आन्ध्रप्रदेश) ऐसे धधों के लिए मशहूर है। सर्पों की खाल से बैग, बेल्ट, पर्स, सेंडिल तथा विष से औषधियां निर्मित की जाती है। 1974 में बने कानून के मुताबिक सर्पों की खाल विष का व्यापार अपराध की श्रेणी मे आता है। इसे अनदेखी करते हुए आस्तीन के सांप बने कुछ लोग चंद रूपयों के लालच में सर्पों की बेरहमी से हत्या करते है। ऐसी स्थित रही तो सांपों का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा, जो कि अनेक दृष्टि से सृष्टि के लिए हानिकारक सिद्ध होगा।धातू निर्मित सर्प की पूजा करना और जीवित सर्पों को देखते ही मार डालने की मानवीय प्रवृत्ति से लुप्त होते सर्प वंश की रक्षा कतई नहीं हो सकती है। अतः नागपंचमी पर सर्पों की हिफाज़त का संकल्प लें,इस पर्व की सार्थकता तभी सिद्ध होगी।

# बजट और मध्यम वर्ग के लिए महत्वपूर्ण...

**डा. अश्विनी महाजन**




हमें यह भी समझना होगा कि समाज के विभिन्न वर्गों, खासकर कम संसाधन वाले लोगों के उत्थान का महत्व न केवल सामाजिक न्याय के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह देश के सर्वांगीण विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। जब तक देश के सभी वर्गों को विकास की प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाता, हम भारत को कभी भी विकसित राष्ट्र नहीं बना पाएंगे नई सरकार के गठन के बाद 23 जुलाई 2024 को संसद में पूर्ण बजट के रूप में बजट 2024-25 पेश किया गया। उम्मीद की जा रही थी कि सरकार की राजस्व स्थिति को देखते हुए मध्यम वर्ग को आयकर में राहत दी जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर के विभिन्न स्लैब में बदलाव करके यह सुनिश्चित भी किया कि सभी करदाताओं को अधिकतम 17500 रुपए की राहत मिले। लेकिन 10 लाख रुपए से अधिक आय वाले लोगों, खासकर उच्च-मध्यम वर्ग को मिलने वाले लाभ को भी 17500 रुपए तक सीमित कर दिया गया। लेकिन, 10 लाख रुपए से अधिक आय वाले लोगों की शिकायत है कि बजट में मध्यम वर्ग को आम तौर पर नजरअंदाज किया गया है। इस शिकायत के बारे में 'फैक्ट चेक' करने की जरूरत है, ताकि यह समझा जा सके कि क्या वाकई वित्त मंत्री ने बजट 2024-25 में मध्यम वर्ग को नजरअंदाज किया है। यह समझने की जरूरत है कि मध्यम वर्ग असल में है क्या? भारत में अलग-अलग एजेंसियां मिडल क्लास को अलग-अलग तरीके से परिभाषित करती हैं। नेशनल काउंसिल फॉर एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) 2 से 20 लाख रुपए सालाना कमाने वाले परिवारों को मिडल क्लास में शामिल करता है। एनसीएईआर के मुताबिक मिडल क्लास की तीन कैटेगरी हैं, एक, निम्न-मध्यम वर्ग, जिसमें 2 से 5 लाख रुपए तक कमाने वाले परिवार शामिल हैं, जो निम्न मध्यम वर्ग हैं, 5 से 10 लाख रुपए तक कमाने वाले परिवार मध्यम वर्ग कहलाएंगे और 10 से 20 लाख रुपए तक कमाने वाले परिवार उच्च-मध्यम वर्ग कहलाएंगे। भारतीय रिजर्व बैंक 3.5 लाख रुपए से 17.5 लाख रुपए तक कमाने वाले परिवारों को मिडल क्लास में शामिल करता है। भारत सरकार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में उन परिवारों को शामिल करती है, जिनकी आय 8 लाख रुपए से कम है तथा क्रीमीलेयर को उच्च-मध्यम वर्ग को परिभाषित करते हुए उन लोगों को उसमें शामिल करती है, जिनकी आय 12 लाख रुपए से अधिक है। आयकर विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो 2022-23 में देश में कुल 7.4 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किया, लेकिन उनमें से केवल 2.24 करोड़ लोगों ने ही वास्तव में आयकर का भुगतान किया। टैक्स रिटर्न दाखिल करने वाले 7.4 करोड़ में से 5.8 करोड़ लोगों ने 10 लाख रुपए तक की आय घोषित की। यानी यह समझा जा सकता है कि रिटर्न दाखिल करने वाले कुल लोगों में से 78 प्रतिशत ने 10 लाख रुपए या उससे कम घोषित किया। यह समझा जा सकता है कि वित्त मंत्री ने आयकर छूट देते हुए 10 लाख रुपए से कम आय वालों को ही आयकर रियायत देकर एक बड़ी संख्या में करदाताओं को राहत देने का प्रयास किया है। यह तो सभी जानते हैं कि बजट का मतलब सिर्फटैक्स या इनकम टैक्स नहीं होता, इसलिए इस बार बजट में मध्यम वर्ग के लिए वित्त मंत्री ने क्या रखा है, इसे विस्तार से समझना होगा। सरकार के बजट से महिलाओं को मिलने वाले फायदों के आधार पर बजट का आकलन करने की परंपरा रही है। इसे जेंडर बजटिंग कहते हैं। इसी तर्ज पर हम बजट का आकलन इस आधार पर कर सकते हैं कि बजट से मध्यम वर्ग को कितना फायदा मिलने वाला है। सबसे पहले आज मध्यम वर्ग को अपनी अगली पीढ़ी के रोजगार की सबसे ज्यादा चिंता है। इस साल के बजट में सरकार ने युवाओं में कौशल विकास और रोजगार सृजन तथा प्रोत्साहन के लिए बड़ी राशि आवंटित की है। वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि संगठित क्षेत्र में पहली बार रोजगार पाने वाले युवाओं को पहला वेतन सरकार देगी। इस प्रावधान से 210 लाख युवाओं को लाभ मिलने की संभावना है। इसके अलावा नई भर्ती में नियोक्ताओं द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि के लिए किया जाने वाला अंशदान 2 साल तक सरकार द्वारा दिया जाएगा। बजट में कई योजनाओं की घोषणा की गई है, जिसमें पांच साल में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रदान करने की योजना भी शामिल है। बजट में युवाओं के लिए लाई गई सबसे बड़ी योजनाओं में से एक 500 बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप योजना है। इस योजना के तहत प्रत्येक युवा को 5000 रुपए प्रति माह की राशि और 6000 रुपए का एकमुश्त लाभ दिया जाएगा। इस योजना से 5 साल में 1 करोड़ युवा लाभान्वित होंगे। यह योजना युवाओं को कौशल प्रदान करने और उन्हें रोजगार के योग्य बनाने में बड़ी भूमिका निभा सकती है। करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवारों में बेरोजगार युवाओं के लिए, इस बजट में इन सभी योजनाओं के तहत बहुत बड़ा लाभ मिल सकता है। दूसरा, सरकार प्रधानमंत्री सूर्य मुफ्त बिजली योजना लागू कर रही है, जिसके तहत 1 करोड़ परिवारों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी, जो अपनी छतों पर सोलर पैनल लगवाना चाहते हैं। यह योजना गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए उपलब्ध होगी। इसके लिए सोलर पैनल खरीदने के लिए सब्सिडी के साथ-साथ लोन भी दिया जाएगा। इससे लाभार्थी को सोलर पैनल लगवाने की लागत का बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। तीसरा, सरकार ने इस साल के बजट में 1111111 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय की घोषणा की है।


## सच्चा मित्र तो वह है जो हर समय धर्म की शरण में जाने का पाठ पढाए : मुनि प्रणम्य सागर जी

### जयपुर में पहली बार मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर चल रहा पार्श्व पुराण का वाचन - पार्श्वनाथ कथा में उमड़े श्रद्धालु -

**जयपुर (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मुखारबिन्द से मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन किया गया जिसमें जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के चार भव पूर्व के वृतांत के अन्तर्गत बताया कि जो पदार्थ जैसा है, उसी स्वरुप में उसे जानना यथार्थ ज्ञान है। यह संसार ईश्वर की माया नहीं है अपितु यह तो मोह से वशीभूत कर्मों का साया है। इस संसार का कोई और छौर नहीं है, जो जन्म लेता है उसका मरण निश्चित है, यही सत्य है। मुनि श्री ने कहा कि तीर्थंकर से बढकर कोई वैज्ञानिक नहीं हुआ है। क्योंकि पदार्थ का स्वरूप सर्वज्ञ भगवान ने ही बारीकी से जाना और बताया है। मुनि श्री ने आगे कहा कि जो आपकी गति को बिगाड़े, जो आपका दुख बढावे, वो आपका सच्चा मित्र कैसे हो सकता है। सच्चा मित्र तो वह है जो हर समय धर्म की शरण में जाने का पाठ पढाए। अपने को निर्मल बनाएं वो ही धर्म है।

इससे पूर्व शुभम भैया एवं संगीतकार नरेन्द्र जैन के निर्देशन में आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढाया गया।

तत्पश्चात समाजश्रेष्ठी राजीव - नीता पाटनी परिवार द्वारा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर



महामुनिराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया गया। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। तत्पश्चात मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन एवं शास्त्र भेट करने का पुण्यार्जन किया।

अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के कोषाध्यक्ष विवेक काला, पूर्व मुख्य सचिव अशोक जैन, पूर्व लोकायुक्त पदम चन्द जैन, राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा,

मुनि भक्त कुशल ठोलिया, श्रमण संस्कृति संस्थान के कार्याध्यक्ष प्रमोद पहाड़िया, संयुक्त मंत्री दर्शन बाकलीवाल, महावीर जी के प्रशासनिक समन्वयक भारतभूषण जैन एवं अपभ्रंश साहित्य अकादमी छात्रावास के छात्रों ने मुनि श्री को श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

समिति के संगठन मंत्री अशोक सेठी एवं सांस्कृतिक मंत्री जम्बू सोगानी ने बताया कि मीरामार्ग के श्री आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में शुक्रवार 9 को प्रात: 8.15 बजे श्री पार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की पूजा एवं मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होगें। मुनि श्री की आहारचर्या प्रात: 9:40 बजे होगी। दोपहर में 3.00 बजे शास्त्र चर्चा होगी। गुरुभक्ति एवं आरती सांय 6:30 बजे एवं वैयावृत्ति रात्रि 8:30 बजे होगी।

संयुक्त मंत्री मनोज जैन ने बताया कि शनिवार 10 अगस्त को जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का जन्म व तप कल्याणक दिवस मनाया जावेगा।

**रविवार को मनायेगे मुकुट सप्तमी एवं भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव -**

संगठन मंत्री अशोक सेठी ने बताया कि मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में रविवार 11 अगस्त को जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा ।इस मौके पर शाश्वत सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखर जी की सजीव रचना की जाएगी। प्रात: 6.30 बजे से भगवान पार्श्वनाथ की पूजा एव श्री कल्याण मंदिर पूजा विधान साजो के साथ किया जाएगा। प्रात: 8.00 बजे निर्वाण लाडू चढाया जायेगा। तत्पश्चात मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होगें ।

## प्रथम चरण आचरण का मसीहा बना देता है : पट्ट गणिनी आर्यिका विज्ञमति माताजी

**एटा (विश्व परिवार)।** जैनों के गणेश गणधर वलय स्तोत्र सेमिनार के समापन के पश्चात भारत गौरव आर्यिका105 श्री विशुद्धमती माता जी के आर्शीवाद से गुरुवार को शिविरार्थियों की परीक्षा संपन्न हुई जिसके तीन परीक्षा केंद्रों में लगभग 400 शिविरार्थियों ने परीक्षा दी पुरुष वर्ग बड़े जैन मंदिर में महिला वर्ग ग्रीन गार्डन में एवं बालिका वर्गों ने अपनी ड्रेस में समय से पूर्व नेमिनाथ जिनालय पहुंचकर परीक्षा दी ,पट्ट गणिनी आर्यिका105 विज्ञमति माताजी ने बताया समय रहते बच्चों को संस्कार देना चाहिए, सोने के निब से कोई पढ़ नहीं पाया है गुरु के



चरणों में आकर तप कर हम भी निखर गए, गुरु दूरदर्शी होते हैं मूल की गल्ती से ऊंचे शिखर का कलश बनने की पात्रता हमारे अंदर नहीं आ पायी हैं। लेकिन मन के अंदर की कषाय हमें आगे नहीं बढ़ने देती। उन्होंने कहा जिस तरह पत्थर एक भी बूंद को शोषित नहीं करता है वहीं माटी एक भी बूंद को छोड़ती नहीं है प्रथम चरण आचरण का मसीहा बना देगा! तन के परिणामों को देखते हुए मन के परिणाम की ऊंचाइयों तक पहुंचने का प्रयास करें! संस्कार समय रहते अगर दे दिए जाएं तो जीवन भर आप धर्म और सच्चाई के मार्ग पर चलते रहेंगे , 14 दिन गणधर वलय स्तोत्र के माध्यम से सभी ने ज्ञानार्जन किया अब परीक्षा की घड़ी है देखते हैं कि किसने कितना ज्ञान प्राप्त किया यह स्तोत्र आपके जीवन में उतर जाना चाहिए छूटना नहीं चाहिए! परीक्षक के रुप में वी ए एस प्राइम मैनेजिंग ग्रुप मालपुरा राजस्थान की टीम ने तीनों परीक्षा केन्द्रों में उपस्थित रहकर निर्विघ्न शांति पूर्वक परीक्षा संपन्न कराई,बाल ब्रह्मचारिणी अदिति दीदी,प्रियंका दीदी एवं श्रीमान भागचंद्र कागला, विमल कठमाणा, मुन्ना लाल जैन, राजू पचेवर,अशोक जैन लावा, मनोज जैन,, शुभम जैन, कमल जैन, श्रीमती मेघा जैन,एवं शिविरार्थियों में श्रीमान शैलेन्द्र जैन, प्रदीप जैन, आयुष जैन, चिराग जैन, राघवेंद्र जैन, उद्देश्य जैन, श्रीमती बबिता जैन प्रेरणा शैलेश जैन, मंजू जैन, साधना जैन, ममता जैन, रजनी जैन चिंकी जैन, संजना जैन, टिशा जैन, सोनाली जैन, परी जैन, खुशी जैन एवं तान्या जैन आदि परीक्षा में शामिल हुई!

## मवेशियों की समस्या पर प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ कमिटी द्वारा आज कांग्रेस भवन में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता ली गई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक द्वारा इस प्रेस वार्ता को संबोधित किया गया। पत्रकारों से चर्चा करते वक्त विभिन्न विषियो पर बात की। उन्होंने कहा की आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर कांग्रेस प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी। आगे उन्होंने बिजली के दामो की बढ़ोतरी, नगरी निकायो के अध्यक्षो के वित्तीय अधिकार की वापसी, आवारा पशुओ की समस्या, 14 अगस्त को संविधान यात्रा, विश्व आदिवासी दिवस पर नवीन आरक्षण विधेयक जैसे विषियों पर चर्चा की। मौजूदा सरकार को घेरते हुए कहा की घोषित तौर पर सरकार का दावा है कि 8 प्रतिशत घरेलू बिजली के दाम बढ़े हैं, लेकिन हकीकत यह है कि पिछले दो माह से सभी के घर का बिजली बिल दुगुना आ रहा है। साथ



ही उन्होंने आजादी कहा की 77वीं वर्षगांठ के पूर्व 14 अगस्त को कांग्रेस पार्टी प्रदेश के सभी गांवो वार्डो में संविधान यात्रा के रूप में प्रभात फेरी निकालेगी। देश के संविधान की रक्षा की प्रतिज्ञा ली जायेगी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन का गान होगा। इस प्रभात फेरी में भारत के संविधान, तिरंगा ध्वज और बापू का चित्र लेकर कांग्रेस जन चलेंगे।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कल 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस है। मै सभी प्रदेश वासियों को शुभकामना देता हूं। आदिवासियों का संवैधानिक अधिकार पिछले डेढ़ साल से राजभवन में लंबित है। अब प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री भी है। हम सरकार से मांग करते है कि छत्तीसगढ़ का आरक्षण संशोधन विधेयक जो पूर्ववर्ती सरकार ने विधानसभा से पारित करवा कर राजभवन भेजा था, उस पर हस्ताक्षर करने राजभवन से आग्रह करे। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है फिर आदिवासियों का 32 प्रतिशत एससी का 13 प्रतिशत, ओबीसी का 27 प्रतिशत, ईडब्ल्यूएस का 4 प्रतिशत अधिकार राजभवन में क्यों रूका हुआ है? हम महामहिम राज्यपाल से भी आग्रह करते है कि विश्व आदिवासी दिवस के दिन राज्य की 32 प्रतिशत आबादी आदिवासियों के हक में विधेयक पर हस्ताक्षर करे।



### राज्यपाल से विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने की मुलाकात

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से दो विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने सौजन्य मुलाकात की। आज राजभवन में पं. रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला और श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिह ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने अपने-अपने विश्वविद्यालयों की गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया।

## छ.ग. पॉवर कंपनी द्वारा कैंसर जागरुकता कार्यशाला संपन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. भावना सिरोही ने बताया कि पूरी दुनिया में कैंसर के मामले बढ़ते जा रहे हैं। विकासशील देशों में इसकी रफ्तार अधिक है। इससे बचने का सबसे बेहतर तरीका है जागरूकता और सेहतमंद जीवनशैली। डॉ सिरोही छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के मुख्यालय स्थित सेवाभवन में कैंसर से बचाव पर एक कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। पॉवर कंपनीज के सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में पॉवर कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विनोद अग्रवाल, श्रीमती चंद्रकला गिडवानी, आईआरओ श्री गोपाल खंडेलवाल सहित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। डॉ. सिरोही ने बताया कि कैंसर के दो प्रमुख कारण हैं, जिनमें से वंशानुत जींस से पांच प्रतिशत और 95 प्रतिशत कैंसर वातावरण से होते हैं। यदि हम तंबाकू, धुम्रपान, शराब, प्रोसेस फूड सहित अनियंत्रित खानपान और जीवनशैली से दूर रहते हैं, तो हम कैंसर से बच सकते हैं। विदेशों में प्रोसेस्ड फूड अधिक खाया जाता है, इसलिए वहां कैंसर के अधिक मामले आते हैं। भारत में ताजा भोजन की परंपरा बनी हुई है, जो सेहत के लिए अधिक फायदेमंद होती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने खानपान में स्थानीय चीजों का उपयोग करना चाहिए। रोज एक फल के साथ कच्ची सब्जी या सलाद आहार में शामिल करना चाहिए। प्रतिदिन 30 मिनट तक योग अभ्यास करना सेहतमंद बने रहने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर के प्रति पुरुषों को भी जागरूक रहना चाहिए। महिलाओं के साथ ही पुरुषों को भी ब्रेस्ट कैंसर हो सकता है। डॉ. सिरोही को कार्यपालक निदेशक श्री वर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्रा ने किया।

## 84 लाख योनियों में मनुष्य गति प्राप्त करना महा दुर्लभ : मुनि श्री नियमसागर

**विदिशा (विश्व परिवार)।** 84 लाख योनी में दु:ख ही दु:ख है इसको पार कर मनुष्य गति में आ गये हो, इसमें भी दु:ख है, आओ अपने मनोयोग, बचनयोग तथा काययोग तथा ज्ञान के क्षयोपशम से इस दु:ख को दूर करने का उपाय जो हमें सर्वज्ञ देव से मिला वह हम आपको भी बता रहे है। उपरोक्त उदगार मुनि श्री नियमसागर जी महाराज ने शीतलधाम में प्रात:कालीन प्रवचन सभा में व्यक्त किये। उन्होंने एक बूंद पानी की यात्रा का वर्णन करते हुये कहा कि बरसात की एक बूंद से जब बूंद मिलती है तो वह उससे बड़ी बूंद तथा कयी बूंद मिलकर उस धारा को बनाती है तब उसका जल मीठा हुआ करता है,लेकिन जैसे ही वह मीठा जल गिरकर गटर में पहुंचता है तो वह गटर का जल



बन जाता है और वही गटर का जल जब नदी में मिलता है तो वह नदी का जल बन अपनी यात्रा प्रारंभ कर अंत में समुद्र के खारे जल में समाहित हो खारा हो जाता है मुनि श्री ने कहा कि गुरु के पास ज्ञान के रुप में बहूत कुछ है वह शिष्य को ज्ञान के रुप में जो कुछ भी उसे सर्वज्ञ भगवान ने दिया वह सब कुछ देकर अपने शिष्य को अपने समान बना लेता है। मुनि श्री ने कहा कि जब पानी गिरता है तो उस बूंद में ताकत नहीं होती लेकिन वहीं बूंद से बूंद मिलकर बाड़ की विनाशलीला भले ही मचा दे ध्यान रखना समुद्र के सामने अल्प ही रहती है, गुरु भी शिष्य को शिक्षा दैने के उपरांत कहता है कि मेंने मेरे पास जितना था वह सब कुछ दे दिया,गुरु शिष्य का उपादान भले ही एक हो लेकिन गुरु किसी भी क्षेत्र में शिष्य से आगे ही रहता है। संसारी प्राणी को कुछ न कुछ दु:ख लगे ही रहते है,और उन दु:खों का निवारण करने के लिये ही वह भगवान और गुरुदेव की शरण मे आता है तो गुरु कहते है कि आत्मा अज्ञानी है और इस अज्ञान को दूर कर लो आपकी समस्या दूर हो जाऐगी उदाहरण के तौर पर आपके पेट में दर्द हुआ और आपने ज्ञान के माध्यम से जाना कि आपको पेट में दर्द क्यों हुआ तो आप उन कारणों को दूर कर उचित औषधी लोगे तो आपका पेट दर्द ठीक हो जाऐगा।

**- अविनाश जैन**

## 23वें जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान के निर्वाण महोत्सव को धूमधाम से मनाएगा जैन समाज

**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** झारखंड में सर्वोच्च जैन तीर्थ श्री सम्मेद शिखर जी पारसनाथ पर्वतराज पर श्री पार्श्वनाथ भगवान के मोक्षस्थल और समस्त जैन मंदिरों में समर्पित किया जायेगा निर्वाण लाडू जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान के 2801वा निर्वाण महोत्सव समस्त जैन समाज द्वारा पूर्ण श्रद्धा भक्ति व प्रभावना के साथ बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी जैन मंदिरों में पूज्य जैन संतों के पावन सानिध्य में विशेष पूजन, विधान, प्रवचन और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।



मधुबन, जिला गिरिडीह (झारखंड) में स्थित पारसनाथ पर्वतराज पर 11 अगस्त को निर्वाण लाडू समर्पित करने के लिए देश भर से हजारों जैन श्रद्धालुओं का आना आरंभ हो गया हैं।

विश्व जैन संगठन द्वारा केंद्रीय वन मंत्रालय और झारखंड सरकार से पारसनाथ पर्वतराज की पवित्रता, स्वच्छता और संरक्षण हेतु पर्वतराज पर अवैध अतिक्रमण हटाने, वाहन संचालन बंद करने और अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था व चिकित्सा सुविधा के साथ तलहटी से यात्रा आरंभ स्थल पर यात्री पंजीकरण, सीसीटीवी कैमरे व सामान स्कैनर सहित पुलिस चेक पोस्ट बनाने की लगातार मांग की जा रही है।

**-संजय जैन**

## स्वाध्याय के दवा खाने में आत्म रोगों की दवा मिलती है: साध्वी सुमंगल प्रभा जी

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में सिद्धि तप की आराधना के साथ छोटी उम्र में बड़ी तपस्या करने वाले साधक कुशल संचेती पुत्र विवेक मोनिका संचेती ने 15 उपवास की तपस्या का संकल्प पूर्ण किया इस अवसर पर वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक श्रमण संघ दुर्ग ने इनका अभिनंदन किया और तपस्या का संकल्प पूर्ण करने पर परिवार के सदस्यों ने तपस्या का संकल्प लिया साध्वी सु मंगल प्रभा जी एवं साध्वी सुवृद्धि श्री जी कुशल संचेती के निवास



मेंपहुंचकर तपस्या पूर्णाहुति पर मंगल पाठ का पारिवारिक सदस्यों को श्रवण कराया इसके अलावा अन्य कई तपस्या गुप्त रूप से गतिमान है साध्वी डॉक्टर सुमंगल प्रभा जी के सानिध्य में धर्म ध्यान त्याग तपस्या एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में चातुर्मास लगने के साथ ही साथ-साथ चल रहे हैं सिद्धि तप तपस्या में आज कल तृतीय चक्र पूर्ण होगा आयंबिल एवं एकासना ने की व्यवस्था संघ द्वारा संचालित भोजशाला में सुचारू रूप से चल रही है जय आनंद मधुकर रतन भवन बांदा तालाब दुर्ग की धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वी सु मंगल प्रभा जी ने कहा स्वाध्याय के दवाखाने में आत्मरोगों की दवा मिलती है स्वाध्याय की एक परिभाषा मर्यादा पूर्वक अध्धयन करना स्वाध्याय है अपने आपका अध्ययन् आत्मनिरीक्षण करना ही स्वाध्याय है। स्वयं के खोज के साथ ही स्वाध्याय का जन्म होता है और वैराग्य भाव जागृत के रूप में जागृत होता है और ममता का विसर्जन होता है। अंतर के आंगन में पवित्रता का वास होता है। अंतर के आंगन को पवित्र बनाता है

साध्वी सु मंगल प्रभा ने आगे कहा स्पाध्याय के दवाखाने में आत्मरोगों की दवा मिलती है स्वाध्याय एक बीमार के लिए दवाई, उदास के लिए संगीत, निराश के लिए सहारा है। स्त्वाध्याय के दुखी के लिए लिए श्रेष्ठ सांत्वना का काम करता पुस्तकें, सर्वश्रेष्ठ मित्र के समान । इनका मूल्य रत्नों से भी अधिक है। रतन की चमक दमक बाहरी होती है जब श्रेष्ठ आगमों की हमारी हमारी आंतरिक आगमा चमक जगजाती जो अंत: करण को पवित्र बनाती है। स्वाध्याय के प्रति हर व्यक्ति की इच्छा शक्ति जगे और रचनात्मक दृष्टिकोण लेकर स्वाध्याय के क्षेत्र में आगे बढ़े तो स्वस्थ व्यक्तित्व निर्माण और उसके आधार पर स्वस्थ समाज निर्माण हो सकता है। चरित्र निर्माण में स्वाध्याय ही एक सशक्त माध्यम है सशक्त आधारशिला है।

### राजेंद्र लला आचार्य विशुद्ध सागर जी का बचपन का नाम

## राजेंद्र जैन (लला) से चर्या शिरोमणी आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज तक का सफर

**नादणा (विश्व परिवार)।** परमपूज्य गुरुवर 108 मुनि श्री विराग सागर जी महाराज के प्रथम दर्शन राजेंद्र लला (आचार्य विशुद्ध सागर जी का बचपन का नाम ) ने अपनी बहन के यहाँ नगर भिंड में सन 1988 में प्रथम बार किये ।उनके प्रवचन और दर्शन से राजेंद्र लला के मन में वैराग्य के बीज अंकुरित होने लगे। जैन धर्म की पुस्तकों का अध्ययन ,मनन ,चिंतन :- राजेंद्र भैया बचपन से ही ग्रथों का अध्ययन करके उन पर मनन एवं चिंतन करने लगे थे ,जो उनके वैराग्य की और बढ़ने का एक माध्यम बना। भिंड में आदरणीय संयमी महानुभावों से भेंट जैन मंदिर भिंड में आदरणीय पं. मेरु चन्द्र जी(परमपूज्य मुनिश्री विश्व कीर्ति सागर जी महाराज) वर्तमान में समाधिस्थ एवं बाल ब्र. श्री रतन स्वरूप श्री जैन (वर्तमान में आचार्य श्री विनम्र सागर जी महाराज) से मुलाकात भी भैया राजेंद्र के पथ पर बढ़ने में सहायक हुई।

परम पूज्य गुरुवर श्री का वर्ष 1988 का भिंड में वर्षा योग पूज्य मुनि श्री 108 विराग सागर जी महाराज का 1988 में पावन वर्षा



योग भिंड नगर में हुआ। राजेंद्र लला उस अवधि में अपनी बहन के यहाँ भिंड में रहकर पूज्य गुरुवर के संघ में आते रहते थे ।इस से लम्बे समय तक गुरुवर का सानिध्य मिला उनके प्रवचन का भी प्रभाव पड़ा ।जिस से उनका मन विराग सागरजी के चरणों में रम गया और वे संघ में ही रहने लगे और वहा से विहार करने पर संघ के साथ विहार भी किया।

### ब्रह्मचर्य व्रत अंगीकार करना

श्री राजेंद्र लला पूज्य गुरुवर मुनि श्री 108 विराग सागर जी के साथ विहार करते हुए अतिशय क्षेत्र बारासों पधारे ।यद्यपि राजेंद्र लला ने रुर नगर में जिनालय के सामने दीपावली के दिन ब्रह्मचर्य व्रत के लिया था 7 फिर भी यहाँ गुरुवर के समीप दिनांक 16 नवम्वर को 17 वर्षकी उम्र में ब्रहमचर्य व्रत पुन: अंगीकार किया।

### ब्रह्मचर्य अवस्था में नग्न होकर अभिषेक करना

1988 में एकांत मे ब्रह्मचर्य अवस्था में नग्न होकर भगवान का अभिषेक किया था जो उनके भविष्य का संकेत दे रहा था।

### क्षुल्लक दीक्षा

राजेंद्र लला ने आचार्य विराग सागरजी के कर कमलो से दिनांक 11 अक्टूबर 1989 को भव्य क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण की ।उनका नाम रखा गया क्षुल्लक श्री यशोधर सागर जी इस समय इनकी आयु 18 वर्ष की थी।

### ऐलक दीक्षा

परम पूज्य क्षुल्लक श्री यशोधर सागर जी ने आचार्य विराग सागरजी के कर कमलो से 2 वर्ष बाद दिनांक 19 जून 1991 को भव्य ऐलक दीक्षा पन्ना नगर मे ग्रहण की।

### मुनि दीक्षा

ऐलक दीक्षा के 6 माह बाद हां परम पूज्य ऐलक श्री यशोधर सागर जी ने 20 वर्ष की आयु मे अपने गुरुवर से श्रेयांस गिरी में दिनांक 21-11-1991 को भव्य मुनि दीक्षा ग्रहण की,नाम रखा गया मुनि श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज ।

### आचार्य पदारोहण

परम पूज्य मुनि श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज को परम पूज्य आचार्य श्री 108 विराग सागर जी के कर कमलो से 31 मार्च 2007 को मुनि दीक्षा के 15 वर्ष 6 माह बाद 35 वर्ष की आयु में दिनांक 31 मार्च 2007 को आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया गया।

एक ओर आपकी आध्यात्मिक अमृतमयी वाणी से निश्रित आगमिक धारा के परिणामस्वरूप 200 कृतिया आपके तलस्पर्शी तत्वज्ञान सदबोध कराती हैं, तो दुसरी ओर आपके द्वारा दीक्षित 56 युवा मुनि जो उच्च शिक्षित, प्राकृत, अपभ्रंश, संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी में निष्णात हैं 7 वह आपकी आंतरिक क्षमता - समता एवं

## रेडक्रास शाखा में चुनाव कराएं जाएं और सदस्यता अभियान चलाया जाए : श्री डेका

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज यहां राजभवन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ शाखा की गतिविधियों की समीक्षा की और प्रदेश रेडक्रॉस में वर्ष अंत तक लोकतांत्रिक पद्धति से चुनाव कराने एवं सदस्यता अभियान को और अधिक तेज करने के निर्देश दिये। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी को राज्य के जरूरत मंदों, वंचित वर्गों एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने सोसायटी द्वारा राज्य में नर्सिंग संस्थान एवं ब्लड बैंक की और अधिक शाखाएं संचालित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुविधा के लिए एंबुलेंस की संख्या बढ़ानी चाहिए।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम.के.राउत ने बताया कि रेडक्रॉस द्वारा संचालित ब्लड बैंक को अत्याधुनिक बनाने के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। आकस्मिक स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए 51 शासकीय चिकित्सकों को प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। उनके द्वारा राज्य के सभी जिलों में गांव-गांव में प्राथमिक चिकित्सा सहायता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की संस्था ग्रामीण विद्युत कॉर्पोरेशन द्वारा 4 करोड़ 83 लाख की लागत के चार मेडिकल मोबाईल यूनिट (एबुलेंस) आदिवासी क्षेत्रों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस समिति के चेयरमेन अशोक अग्रवाल उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कलेक्टर श्री हरिस.एस ने बुधवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर सफल आयोजन हेतु जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 09 बजे जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम सुकमा में किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, परेड की सलामी और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जायेगा। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा पीटी एवं देशभक्ति व संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में मैदान की तैयारी, आकर्षक साज-सज्जा, समारोह स्थल पर ध्वज, फूल एवं गुब्बारे की व्यवस्था, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, विद्युत व ध्वनि विस्तारक यंत्र, बैठक व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड, प्रशस्ति पत्र सहित अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य निर्वहन करेंगे। उन्होंने जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी समय पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन हेतु संबंधित कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

### यात्री बस में सागौन लकड़ी की तस्करी

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** जिले में एक यात्री बस से वन विभाग की टीम ने बेशकीमती सागौन की लकड़ी जब्त की है। इसमें कुछ चिरान हैं तो कुछ दरवाजे, खिड़की समेत दूसरे फर्नीचर हैं। लकड़ी का यह सामान बीजापुर जिले के भैरमगढ़ से रात के समय चलने वाली मनीष ट्रेवल्स की यात्री बस में रखा गया था, जिसे धमतरी या रायपुर के किसी ठिकाने पर उतारने की तैयारी थी। मुखबिर से मिली सूचना पर फॉरेस्ट टीम ने गीदम बस स्टैंड में सारा सामान जब्त कर लिया है। हालांकि, यात्रियों को परेशानी न हो, इसलिए रात में ही बस को जाने दिया गया। गीदम रेंजर दया दीन वर्मा और डिप्टी रेंजर के राजू ने बताया कि ड्राइवर से शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि यह सामान भैरमगढ़ का है। थाने के स्टाफ ने ही बस में सामान लोड कराया था।

### बच्चों की बेहतर भविष्य के लिए पालकों का सकारात्मक सुझाव जरूरी : कलेक्टर

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि बच्चों की बेहतर भविष्य के लिए पालकों का सकारात्मक सुझाव जरूरी है। यह सुझाव बच्चों की गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने, बच्चों के बौद्धिक क्षमता बढ़ाने में सहायक होंगे। मुख्यमंत्री के मंशानुसार पालक-शिक्षक मेगा बैठक के आयोजन से शिक्षकों द्वारा पढ़ाई के स्तर, बच्चों की प्रगति का भी आंकलन किया जाना है। मंगलवार को कलेक्टर पालक-शिक्षक मेगा बैठक का निरीक्षण करने निकले थे उन्होंने दरभा,तोकापाल,बास्तानार, लोहंडीगुड़ा और जगदलपुर विकासखंड के स्कूलों का जायजा लिया, जिसमें डेंगा आमापारा, कोड़ेनार, किलेपाल, मिचनार, छापर भानपुरी और धरमपुरा के प्राथमिक और माध्यमिक शाला, आश्रम-छात्रावास तथा आत्मानंद स्कूल में आयोजित पालक-शिक्षक मेगा बैठक का जायजा लिया। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने और उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने तथा बच्चों में भविष्य की सम्भावनाओं का आंकलन कर पालकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से परिणामोन्मुखी प्रयास करने हेतु कलेक्टर विजय के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिले के सभी 266 संकुलों में सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। निरीक्षण के अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे भी उपस्थित थे। संकुल स्तर पर आयोजित कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पादित करने के लिए जिला स्तरीय सभी अधिकारियों को संकुल की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके अंतर्गत अपर कलेक्टर, जिला कार्यालय में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों सहित अन्य विभागों के सभी अधिकारी कुल 266 संकुलों में मेगा पालक-शिक्षक बैठक में शामिल हुए। जिले के सभी अधिकारियों को संबंधित संकुल केन्द्रों का निरीक्षण कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रतिवेदन करने के निर्देश दिए गए थे,जिसके अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में यह समन्वित पहल किया गया। इस पालक-शिक्षक मेगा बैठक में पालकों के साथ नई शिक्षा नीति 2020 के साथ ही नवाचारी प्रयासों पर गहन चर्चा की गई।

# रोजगार मेला युवावर्ग को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का साबित हो रहा बेहतर माध्यम

**जिले के दोनों विधायकों ने मेला में शामिल होकर युवाओं को दिया मार्गदर्शन**

#### गरियाबंद में जिला स्तरीय रोजगार मेला का हुआ आयोजन



**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** गरियाबंद के इंडोर स्टेडियम में आज जिला प्रशासन, कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में विभिन्न विभागों सहित प्रदेश स्तरीय निजी संस्थानों द्वारा स्टॉल लगाया गया। स्टॉल में युवाओं का पंजीयन कर उन्हें विभिन्न अशासकीय संस्थानों में नौकरी करने का अवसर प्रदान किया गया। रोजगार मेला में मौके पर ही कई युवाओं को विभिन्न पदों में नौकरी के लिए ऑफर लेटर प्रदान किया गया। आज आयोजित रोजगार मेला में 2 हजार 800 से अधिक अशासकीय पदों में भर्ती के लिए युवाओं का पंजीयन किया गया। इस दौरान युवाओं ने क्लर्क, सिक्योरिटी गार्ड, ऑपरेटर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, फिल्ड स्टाफ नर्सिंग स्टाफ मेडिकल इंचार्ज, सुपरवाइजर, फायर सेफ्टी ऑफिसर एवं मैनेजर आदि पदों के लिए ऑन स्पॉट पंजीयन कराया। रोजगार मेला में राजिम क्षेत्र के विधायक श्री रोहित साहू, बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र के विधायक श्री जनक राम ध्रुव एवं कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल भी शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न संस्थानों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर युवाओं को संस्थान की ओर से नियुक्ति पत्र भी सौंपे। साथ ही रोजगार मेला का महत्व बताते हुए अवसर का लाभ उठाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का बेहतर माध्यम साबित हो रहा है। इसके साथ ही युवाओं का कौशल विकास भी हो रहा है। उन्होंने युवाओं से रोजगार मेला का अधिक से अधिक लाभ उठाकर रोजगार के विकल्पों का चयन कर आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। इसी प्रकार विधायक श्री ध्रुव ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रोजगार मेला जिले के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। राष्ट्र को विकसित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## शासकीय स्कूल के बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर माहौल देने का प्रयास

**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** शासकीय स्कूल के बच्चे किसी प्रकार से महंगे प्राइवेट स्कूल के बच्चों से कम न हो एवं उनका मनोबल बढ़ा रहे एवं स्कूल में बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर वातावरण का भी निर्माण हो इसी सोच के साथ ग्राम भवरमाल के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं के सामूहिक प्रयास से यहां बेहतर शिक्षा बच्चों को जहां मिल रहा है वहीं प्राइवेट स्कूल के बच्चों के समान टाई, आईकार्ड बेल्ट की भी व्यवस्था की गई है ताकि गर्व की अनुभूति के साथ बच्चे पढ़ाई कर सके। गौरतलब है कि प्राथमिक शाला भवंरमाल में 54 बच्चे एवं माध्यमिक शाला में 70 बच्चे अध्यनरत है यहां पर दोनों स्कूलों को मिलाकर सात शिक्षक शिक्षिकाएं अध्यापन कार्य कर रहे हैं शिक्षक शिक्षकों का पढ़ाने के प्रति इस प्रकार का समर्पण है कि वह बच्चों के बेहतर भविष्य को सवारने एवं बेहतर से बेहतर शिक्षा देने के प्रयास तो कर ही रहे हैं वही बच्चों के लिए टाई बेल्ट एवं आई कार्ड की भी व्यवस्था प्राइवेट स्कूल के बच्चों के सामान की गई है ताकि बच्चों का मनोबल बढ़ा रहे एवं वे पूरे मनोयोग से पढ़ सके। यहां मीरा प्रजापति, दिलासी लकड़ा, वीरेंद्र कुमार तिवारी, चंद्रमणि राठीया, सुनीता गुप्ता, ज्योति गुप्ता,रजनी बाई शिक्षक, शिक्षिकाएं है। यहां के बच्चों का हर साल होता है प्रयास में चयन.......... यहां के माध्यमिक शाला से प्रत्येक वर्ष 2 से 3 बच्चों का प्रयास में चयन जरूर होता है अब तक रंजू यादव, अमन यादव,आयुष गुप्ता, संदीप यादव अरविंद सिंह, अनूप सिंह, अभय सिंह सूर्यकान्त यादव सहित अब तक दर्जनों बच्चों का चयन प्रयास में हो चुका है सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें से अधिकांश बच्चे बिना ट्यूशन पड़े सिर्फस्कूल की बेहतर पढ़ाई से प्रयास में चयनित होने में सफल हुए। स्कूल में प्रत्येक वर्ष पौधारोपण का कार्यक्रम किया जाता है सबसे बड़ी बात यह है कि यहां सिर्फ पौधा लगाने तक ही पौधा रोपण कार्यक्रम नहीं किया जाता है बल्कि पौधों को बचाने के लिए प्रयास भी किए जाते हैं जिसका नतीजा यह है कि आज स्कूल में 16 बड़े पेड़ शीशम, नीम, पीपल, सीताफल ,करंज ,केला आम आदमी के पेड़ लग गए हैं जो परिसर की खूबसूरती को बढ़ा रहे हैं एवं छाया फल भी दे रहे हैं।

## कलेक्टर ने गुण्डरदेही में रेलवे ओव्हर ब्रिज निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का किया निरीक्षण

#### ग्राम खर्रा में उच्च स्तरीय पूल निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज चैनगंज गुण्डरदेही में रेलवे फाटक में निर्बाध आवागमन की सुविधा सुनिश्चित कराने के लिए रेलवे अंडरब्रिज एवं ओव्हर ब्रिज निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खर्रा के तांदुला नदी में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पूल निर्माण के कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, एसडीएम श्री सुरेश साहू, लोक निर्माण विभाग सेतु के अनुविभागीय अधिकारी श्री टीएन संतोष सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। श्री चन्द्रवाल ने चैनगंज गुण्डरदेही में रेलवे अंडरब्रिज एवं ओव्हर ब्रिज के निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल के अवलोकन के दौरान सेतु निगम के अधिकारियों से निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने हेतु भूमि अधिग्रहण एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग आदि के कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि राज्य शासन के द्वारा भू-अर्जन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शासन को प्राक्कलन प्रस्तुत कर दी गई है। कलेक्टर ने रेलवे अंडरब्रिज एवं ओव्हर ब्रिज के प्रस्तावित ड्राइंग का भी अवलोकन किया। इस दौरान श्री चन्द्रवाल ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खर्रा में पहुँचकर तांदुला नदी में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पूल निर्माण के कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा पूल निर्माण के कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय में स्थित विभिन्न विभागों का किया औचक निरीक्षण

#### नस्तियों के व्यवस्थित संधारण एवं साफसफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्य, श्रम, योजना एवं सांख्यिकी, खनिज विभाग, निर्वाचन शाखा, पीएमजीएसवाय, शिक्षा, आबकारी, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय के शाखाओं में जाकर अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति, स्थापना, फाइलों का भंडारण एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सभी शाखाओं में नस्तियों के व्यवस्थित संधारण एवं साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी आलमारियों में रजिस्टर एवं दस्तावेजों को क्रमबद्ध तरीके से रख कर फाइलों के नाम युक्त सूची अलमारी में चिपकाने के निर्देश दिए। जिससे आसानी से फाइलों को कार्य अनुसार निकाला जा सके। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी शाखाओं के बाहर विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ लेने के लिए आवश्यक पात्रता की भी जानकारी प्रदर्शित करने को कहा। जिससे आमजनों को संबंधित विभाग में संचालित शासकीय योजनाओं एवं उनके लाभ के बारे में जानकारी मिल सकेगा।

## जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों का तत्काल करें निराकरण : कलेक्टर

#### समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि नगरीय निकायों में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त हो रहे राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों का तत्काल निराकरण करवाएं। साथ ही सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित पेंशन योजनाओं की राशि का भुगतान बैंक सखी के माध्यम से करवाने की पहल की जाए। कलेक्टर विजय मंगलवार की शाम समय-सीमा की बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में ली। बैठक में कलेक्टर ने पालक-शिक्षक मेगा बैठक की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन का मॉनिटरिंग, छात्रों की उपस्थिति, टीचर की उपस्थिति, छुट्टी हेतु ऑनलाइन आवेदन, स्कूल के मरम्मत की स्थिति, शाला त्यागी अप्रवेशी बच्चों की स्थिति का भी आगामी पालक-शिक्षक की बैठक में शामिल होने वाले जिला स्तरीय अधिकारी जांच करेंगे। उन्होंने जिला स्तर के अन्य अधिकारियों को भी स्कूल निरीक्षण के दायित्व देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में समय-सीमा के प्रकरणों, जन शिकायत, जन चैपाल के मामलों का संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही कर निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, नक्सल प्रभावितों के परिजनों-आत्म समर्पित नक्सलियों के पुनर्वास, बादल अकादमी और ज्ञानगुड़ी केन्द्र के कार्यो की समीक्षा की गई। उन्होंने विभागीय कार्यो और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत् बैंक लिंकेज के माध्यम से अधिक से अधिक महिला स्व-सहायता समूहो को रिवाल्विंग फंड की उपलब्धता को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंक सखी द्वारा ट्रांजेक्शन, स्व-सहायता समूहो के सदस्यों को बीमा योजना से लाभ की समीक्षा की।

# छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने सरकार संकल्पित : किरणदेव

#### अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 तैयार करने संभाग स्तरीय परिसंवाद में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व नागरिक




**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** विधायक जगदलपुर किरणदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ असीम संभावनाओं का प्रदेश है। देश के किसी और राज्य में इतने संसाधन और क्षमता नहीं है। यदि सुव्यवस्थित योजना बनाकर काम करें, तो छत्तीसगढ़ देश का सिरमौर राज्य बन सकता है। विधायक किरणदेव ने गुंडाधुर शासकीय कृषि महाविद्यालय कुम्हरावंड जगदलपुर के ऑडिटोरियम में 'अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन / 2047' तैयार करने राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय परिसंवाद कार्यक्रम में उक्त बातें कही। कार्यशाला में बस्तर संभाग के युवाओं, किसानों, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने 'छत्तीसगढ़ विजन / 2047' के बारे में अपने विचार साझा किए। विधायक किरणदेव ने संवाद कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री की सोच लक्ष्य निर्धारित कर भारत को विकासशील देश से विकसित राष्ट्र बनाने की है। इस दिशा में आधारभूत संरचना सहित युवा, महिला, किसान और गरीब समाज के हर व्यक्ति को समाहित करते हुए हम योजना बनाएंगे। बस्तर अंचल में कनेक्टिविटी का विस्तार करने सहित खनिज संसाधन, प्रचुर वनोपज का समुचित दोहन करने पर जोर दिया जा रहा है। नैसर्गिक सौंदर्य के मद्देनजर पर्यटन कारीडोर बनाने की जरूरत है, जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिल सके। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर ध्यान दिया जा रहा है। अब दक्षिण एवं पश्चिम बस्तर में इंटरनेट कनेक्टिविटी को बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। इन सब समन्वित प्रयासों से विकसित बस्तर-विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में हमारी सरकार ने काम करना शुरू किया है। इस मौके पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व तरक्की की है। छत्तीसगढ़ में प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक संसाधन, वन संपदा और मानव संसाधन है। बस्तर अंचल तो इस दिशा में सर्वाधिक अग्रणी है। प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 'छत्तीसगढ़ विजन / 2047' डॉक्युमेंट तैयार किया जा रहा है। आरंभ में कमिश्नर डोमनसिंह ने संवाद कार्यक्रम के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए कहा कि संभाग स्तरीय इस कार्यशाला में आए विविध सुझावों को शामिल करते हुए प्रभावी विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा। उन्होंने बस्तर संभाग के सभी जिलों से आए युवाओं, किसानों, महिलाओं, बुजुर्गों और प्रबुद्धजनों से परिचर्चा में शामिल होकर विकसित बस्तर-विकसित छत्तीसगढ़ को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव देने का आग्रह किया। इस अवसर पर कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि अगले 25 वर्ष में छत्तीसगढ़ विशेषकर बस्तर को विकास की दिशा में अग्रणी बनाने के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के मंशानुरूप इस संभाग स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री द्वारा युवा, महिला, किसान एवं गरीब को आधार बनाकर आगामी 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है।

## व्यापार समाचार

## अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने क्यूआईपी के जरिए 8,373 करोड़ रुपये जुटाए

**अहमदाबाद( एजेंसी )।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने सोमवार को घोषणा की कि उसने योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) रूट के जरिए 8,373 करोड़ रुपये (1 बिलियन डॉलर) जुटाए हैं। यह देश के बिजली क्षेत्र में सबसे अधिक है। यह लेन-देन 30 जुलाई को बाजार बंद होने के बाद शुरू किया गया था। इसका आधार सौदा आकार 5,861 करोड़ रुपये (700 मिलियन डॉलर) था। इसमें 8,373 करोड़ रुपये (1 बिलियन डॉलर) तक के आकार का ग्रीन-शू विकल्प शामिल था। क्यूआईपी को निवेशकों के एक विविध समूह से आधार सौदे के आकार से लगभग छह गुना बोलियां लगीं। इनमें पहली बार भारत में प्रवेश करने वाले उपयोगिता-केंद्रित अमेरिकी निवेशक, सॉवरेन वेल्थ फंड, प्रमुख भारतीय म्यूचुअल फंड और बीमा कंपनियां शामिल थीं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह क्यूआईपी जुलाई 2015 में अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) से अलग होने और सूचीबद्ध होने के बाद पूंजी बाजार में इसकी पहली इक्विटी वृद्धि है। एईएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंदर्प पटेल ने कहा, भारत का मजबूत निवेश चक्र और बिजली की बढ़ती मांग बिजली क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेतक हैं। संस्थागत निवेशकों की ठोस रुचि भारत के ऊर्जा संक्रमण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और विश्वास को दर्शाती है, इसमें एईएसएल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पटेल ने कहा कि अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस विश्वसनीय, किफायती और टिकाऊ तरीके से अंतिम उपभोक्ताओं तक बिजली पहुंचाने में क्रांति ला रहा है, जो भारत के ऊर्जा संक्रमण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा, हमारे क्यूआईपी को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया निवेशकों के हमारे मजबूत व्यापार मॉडल, निष्पादन क्षमताओं और प्रभावी पूंजी आवंटन रणनीति में ठोस विश्वास को दर्शाती है, जो मजबूत विकास और असाधारण शेयरधारक मूल्य को बढ़ावा देती है। क्यूआईपी से प्राप्त धन का उपयोग ट्रांसमिशन परिसंपत्तियों, स्मार्ट मीटरिंग व्यवसाय, ऋण चुकौती और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों में निवेश के लिए किया जाएगा। क्यूआईपी एक ऐसा साधन है, जिसका उपयोग सूचीबद्ध कंपनियां बड़ी संस्थाओं से धन जुटाने के लिए करती हैं। सूत्रों के अनुसार, अरबपति स्टेनली ड्रुकेंमिलर के पारिवारिक कार्यालय द्वारा संचालित निवेश फर्म और अमेरिका आधारित लॉन्ग-ओनली फंड, ड्रिहाउस कैपिटल मैनेजमेंट और जेनिसन एसोसिएट्स ने अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के क्यूआईपी में निवेश किया। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 73 प्रतिशत शुद्ध लाभ वृद्धि दर्ज की, जबकि राजस्व में सालाना आधार पर 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने पहली बार 600 करोड़ रुपये से ज्यादा त्रैमासिक राजस्व पार किया

**रायपुर।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने आज 30 जून, 2024 को समाप्त हुई पहली तिमाही के लिए अपने कॉन्सोलिडेटेड परिणाम जारी किए। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में पहली बार बैंक का त्रैमासिक राजस्व साल-दर-साल 52 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 610 करोड़ रुपये हुआ। बैंक का शुद्ध लाभ साल-दर-साल 41 प्रतिशत बढ़कर 7.2 करोड़ रुपये हो गया। इस तिमाही के दौरान बैंक के मासिक लेन-देन करने वाले यूज़र्स (MTU) 88 मिलियन से अधिक हो गए, जिससे ग्राहक जमा में वृद्धि हुई, जो साल-दर-साल 53 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ 2,943 करोड़ रुपये हो गया। बैंक का वार्षिक सकल मर्चेंडाईज़ मूल्य (GMV) 3,400 बिलियन रुपये से अधिक है। बैंक का राजस्व और मासिक लेन-देन करने वाले यूज़र्स में वृद्धि मुख्य रूप से बैंक के डिजिटल बचत खाते एवं अन्य डिजिटल पेशकशों में मांग में वृद्धि के कारण बढ़ है द्व बैंक के ईको-फ्रेंडली एनसीएमसी इनेबल्ड कार्ड की मांग व उपयोग भी तेजी से बढ़ रहे हैं। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के MD and CEO, अनुब्रता बिस्वास ने कहा, ''हमें इस तिमाही में उल्लेखनीय वृद्धि की रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है, हमारा राजस्व पहली बार 600 करोड़ रुपये से ज्यादा हुआ है। यह उद्योग-अग्रणी वृद्धि भारत के लिए हमारे फ्लैगशिप सुरक्षित दैनिक लेनदेन खाते की जबरदस्त मांग और हमारे सभी व्यवसायों में डिजिटल भुगतान में आई तेजी के कारण संभव हुई। बैंक , आज, भारत में विकसित हो रहे अपार डिजिटल अवसरों का मार्जिन बढ़ाने वाला लाभ उठाने के लिए प्रथम श्रेणी में अच्छी स्थिति में है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक विस्तृत एंड-टू-एंड डिजिटल बैंकिंग समाधान प्रदान करते हुए तीन अलग-अलग सेगमेंट्स - शहरी डिजिटल, अंडरबैंक्ड, और उद्योग एवं संस्थान में सेवाएं देता है। साथ ही यह अनेक डिजिटल फाईनेंशल सेवाएं जैसे बीमा, लेंडिंग, और निवेश समाधान भी प्रदान करता है। अपने प्लेटफॉर्म पर हर साल 8 मिलियन से ज्यादा विनिमय करते हुए, एयरटेल पेमेंट्स बैंक मोबाईल बैंकिंग यूज़र्स के मामले में छठवें सबसे बड़े स्थान पर है। यह बैंक 500,000 से ज्यादा पड़ोसी बैंकिंग पॉईंट्स के अपने सबसे बड़े बैंकिंग नेटवर्क के साथ दूरदराज के ग्रामीण इलाकों तक बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करके उपलब्धता की चुनौती को हल कर रहा है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक भारत में सबसे बड़ा माईक्रो-कैश दिग्गज है, जो वर्तमान में 4,000 से ज्यादा कॉर्पोरेट पार्टनर्स के साथ प्रति माह लगभग 8,000 करोड़ रुपये के कैश को डिजिटाईज़ कर रहा है।

## एयरटेल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 29 लाख से अधिक अतिरिक्त नए घरों तक अपनी वाई-फाई सेवा का विस्तार किया

**रायपुर।** भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने घोषणा की है कि उसने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 29 लाख से अधिक अतिरिक्त नए घरों तक अपनी वाई-फाई सेवा का विस्तार किया है। एयरटेल वाई-फाई के साथ, ग्राहक को न केवल विश्वसनीय हाई स्पीड की वायरलेस इंटरनेट सेवा मिलती है, बल्कि असीमित स्ट्रीमिंग, 20 से अधिक ओटीटी सेवाओं और 350 से अधिक टीवी चैनलों सहित कई अन्य लाभ भी मिलते हैं। ग्राहक एयरटेल थैंक्स ऐप का उपयोग करके या 8130181301 पर कॉल कर एयरटेल वाई-फाई बुक करने का ऑर्डर दे सकते हैं। भारती एयरटेल के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सीईओ, रीतेश अग्रवाल ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एयरटेल वाई-फाई अब मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के हर कोने में पहुंच गया है। एयरटेल वाई-फाई के साथ, ग्राहक 20 से अधिक ओटीटी, 350 से अधिक टेलीविजन चैनलों और एक विश्वसनीय हाई स्पीड वाली वायरलेस वाई-फाई सेवा से मनोरंजन के विस्तृत विकल्पों का लाभ किफायती टैरिफरु 699 प्रति माह पर उठा सकते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि ग्राहक इसका अधिकतम लाभ उठाएंगे और अनंत मनोरंजन का आनंद लेंगे।



# विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित होने पर पीएम मोदी ने की पीटी उषा से बात

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा से बात की। पीएम मोदी ने उनसे इस मुद्दे और विनेश फोगाट के बाहर होने के बाद भारत के पास मौजूद विकल्पों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी मांगी है। सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी ने पीटी उषा से विनेश के मामले में हर संभव सभी विकल्पों का पता लगाने के लिए कहा है। उन्होंने पीटी उषा से यह भी आग्रह किया कि अगर इससे विनेश फोगाट को मदद मिलती है तो वह अयोग्यता के संबंध में कड़ा विरोध दर्ज कराएं। इससे पहले पेरिस ओलंपिक में भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित होने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा, विनेश, आप चैंपियनों में चैंपियन हैं! आप भारत का गौरव हैं और हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। आज की असफलता दुख देती है। काश मैं शब्दों में उस निराशा को व्यक्त कर पाता जो मैं अनुभव कर रहा हूं। साथ ही, मैं जानता हूं कि आप लचीलेपन की प्रतिमूर्ति हैं। चुनौतियों का सामना करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है और मजबूत होकर वापस आओ! हम सब आपके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट 50 किलोग्राम महिला वर्ग की रेसलिंग के फाइनल से बाहर हो गई हैं। फोगाट को ओवरवेट होने की वजह से डिसक्वालीफाई किया गया है। भारतीय कुश्ती और देश के लिए यह एक बड़ा झटका है, क्योंकि विनेश फोगाट गोल्ड मेडल जीतने के बेहद करीब थीं। भारतीय ओलंपिक संघ ने कहा, भारतीय दल महिला कुश्ती 50 किग्रा वर्ग से विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित किए जाने की खबर आपसे साझा करता है। रात भर टीम द्वारा किए गए बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, आज सुबह उनका वजन 50 किग्रा से कुछ ग्राम अधिक था। इस समय दल द्वारा कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी।

## मनु भाकर के कोच ने कहा, दुनिया देख रही है देश की बेटी की उपलब्धि

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पेरिस ओलंपिक 2024 में डबल पदक विजेता मनु भाकर आज भारत लौट आई हैं। दिल्ली में हवाई अड्डे पर ढोल नगाड़े के साथ उनका भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं, जो मुझे इतना प्यार मिल रहा है। कोच जसपाल राणा ने कहा कि दुनिया देख रही है देश की बेटी की उपलब्धि। दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड के लोगों ने उत्साह और गर्मजोशी से मनु भाकर का स्वागत किया। पूरा इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। इस मौके पर मनु भाकर बेहद खुश नजर आईं।



उन्होंने अपने सैकड़ों प्रशसकों का अभिवादन स्वीकार किया। मनु भाकर ने कहा कि मैंने आलू के पंराठे बहुत मिस किए। अब खाने के लिए तैयार हूं। वो भारी सुरक्षा के बीच अपने माता-पिता, परिवार के सदस्यों और कोच के साथ गाड़ी से एयरपोर्ट से रवाना हुईं। इस बेहद खास मौके पर मनु भाकर के कोच जसपाल राणा बेहद खुश और गौरवान्वित नजर आए। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक जीत है। किसी भी खिलाड़ी ने आज तक ओलंपिक में दो मेडल नहीं जीते हैं। एक महिला खिलाड़ी दो पदक जीतकर आई है। शूटिंग में यह भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है। आज पूरी दुनिया देश की बेटी की उपलब्धि देख रही है। आप सबको इसकी ढेरों बधाई। बता दें कि मनु ने महिला व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल में और मिक्स्ड इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर ब्रॉन्ज जीते थे। वो एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने 76 नए यूनिपोल के लिए निकाले टेंडर, 97 करोड़ रुपए की होगी आमदनी

**ग्रेटर नोएडा( एजेंसी )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 76 नए यूनिपोल के लिए टेंडर निकाल दिए हैं। इन यूनिपोल पर पहली बार क्यूआर कोड भी लगाए जाएंगे। सात साल के लिए यूनिपोल का आवंटन किया जाएगा। इससे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को सात साल में लगभग 97 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होने का आकलन है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने शहर में लगे अवैध यूनिपोल को हटाने और नए यूनिपोल का टेंडर करके नए सिरे से आवंटित करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देश पर अमल करते हुए प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग ने नए यूनिपोल की लोकेशन के टेंडर निकाल दिए हैं। पांच साल बाद यूनिपोल के टेंडर




हुए हैं। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि 76 नए यूनिपोल के लोकेशन चिन्हित किए गए। इनके लिए टेंडर निकाल दिए गए हैं। सर्वाधिक कीमत की बिड लगाने वाले को यूनिपोल आवंटित किए जाएंगे। यूनिपोल के टेंडर की डिटेल और यूनिपोल की लोकेशन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है। उन्होंने बताया कि लोकेशन के आधार पर इन 76 यूनिपोल के लिए कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं। इन सभी यूनिपोल का आवंटन हो जाने से प्राधिकरण को सात साल में लगभग 97 करोड़ रुपए की आमदनी होने की उम्मीद है। चयनित कंपनियां सात साल के लिए इन यूनिपोल पर विज्ञापन लगा सकेंगी।

# ढाका रूट पर एयर इंडिया की उड़ानें फिर से शुरू, यात्रियों को मिलेगी ये छूट

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** एयर इंडिया ने घोषणा की कि वह दिल्ली-ढाका-दिल्ली सेक्टर में अपनी शाम की उड़ानें एआई 237/238 फिर से शुरू करेगी। इसके अलावा, ढाका में वर्तमान स्थिति को देखते हुए, एयर इंडिया ने कहा है कि वो ढाका से आने-जाने वाली एयर इंडिया उड़ान पर ग्राहकों को एक बार की छूट देगा, ऐसी बुकिंग पर जो 4 से 7 अगस्त के लिए की गई हो, अगर वो इसे रिशेड्यू करना चाहते हैं तो। इसके लिए टिकट 5 अगस्त या उससे पहले बुक किया गया होना चाहिए। एयर इंडिया ने अपने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी दी। पोस्ट मे लिखा गया है, एयर इंडिया 6 अगस्त 2024 को दिल्ली-ढाका-दिल्ली सेक्टर पर अपनी शाम की




उड़ानें एआई237/238 संचालित करेगी। इसके अलावा, ढाका में मौजूदा स्थिति के कारण, एयर इंडिया ग्राहकों को पुनर्निर्धारण पर एक बार छूट दे रही है। अगर वे 4 से 7 अगस्त 2024 के बीच ढाका से आने-जाने वाली किसी भी एयर इंडिया की उड़ान पर की गई बुकिंग के साथ ऐसा करना चाहते हैं। टिकट 5 अगस्त को या उससे पहले बुक किए गए होने चाहिए। हम दोहराना चाहेंगे कि एयर इंडिया में, हमारे ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बता दें कि इससे पहले एयर इंडिया ने बांग्लादेश में बढ़ती अशांति के बीच ढाका से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी थी। बांग्लादेश की नेता शेख हसीना के देश के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने व गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर उतरने के बाद एयर इंडिया ने यह घोषणा की थी। एयर इंडिया ने एक्स पर पोस्ट में लिखा था, बांग्लादेश की स्थिति को देखते हुए, हमने ढाका से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और ढाका से आने-जाने के लिए कन्फर्म बुकिंग वाले अपने यात्रियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्हें यात्रा के पुनर्निर्धारण और टिकटों के रद्दीकरण शुल्क पर छूट दी गई है।

## विनेश का गोल्ड जीतने का सपना टूटा, ओवर वेट की वजह से फाइनल नहीं खेल पाएंगी



**पेरिस( एजेंसी )।** विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक 2024 में रेसलिंग का फाइनल नही खेल पाएंगी. उन्हें फाइनल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया दया है. ओलंपिक समिति का ये फैसला न सिर्फ विनेश फोगट के लिए बल्कि पूरे भारत के लिए बहुत निराशाजनक है. इस फैसले के बाद विनेश के साथ साथ पूरे देश की गोल्ड जीतने की उम्मीद टूट गई है. बता दें कि फोगात का फाइनल मुकाबला 7 अगस्त की रात को खेला जाना था. विनेश फोगाट ने 50 किलोग्राम वर्ग में हिस्सा लिया था. 6 अगस्त को हुए तीनों मुकाबले उन्होंने इसी वर्ग में खेले और जीते थे लेकिन फाइनल के पहले उन्हें ओवर वेट पाया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक उनका वजन 50 किलोग्राम से ज्यादा है. उनका वजन 50 किलोग्राम से लगभग 100 ग्राम ज्यादा बताया जा रहा है. इस वजह से उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है. वे अब फाइनल मुकाबला नहीं खेल पाएंगी. भारत ने ओलंपिक समिति के इस फैसले पर विरोध जताया है. विनेश फोगाट ने 6 अगस्त को लगातार 3 मैच जीत 50 किग्रा फ्री स्टाइल रेसलिंग के फाइनल में अपनी जगह बनाई थी.

## बलौदा बाज़ार के अल्ट्राटेक लाइमस्टोन माइन को भारतीय खान ब्यूरो और खान मंत्रालय से मिली 5 स्टार रेटिंग

**रायपुर।** भारतीय खनिज ब्यूरो ने अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की 12 लाइमस्टोन माइन को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 5 स्टार रेटिंग दी है। यह अवार्ड कोयला व खनिज मंत्री द्वारा दिल्ली में 7 अगस्त 2024 को दिया गया। जिन 12 खदानों को 5 स्टार रेटिंग मिली है, उनमें परसवानी लाइमस्टोन माइन भी शामिल है। जो छत्तीसगढ़ के रायपुर (बलौदा बाज़ार) के पास हिरमी सीमेंट वर्क्स, अल्ट्राटेक इंटीग्रेटेड यूनिट का हिस्सा है। कार्यक्रम में माननीय श्री जी. किशन रेड्डी कोयला और खान मंत्री ने भारत की सबसे बड़ी सीमेंट और रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) कंपनी अल्ट्राटेक को सम्मानित किया। यह सम्मान भारत के खनन क्षेत्र में योगदान देने और खनन के सभी पहलुओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए दिया गया है। सम्मान समारोह में माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे भी उपस्थित थे। खनन में उत्कृष्टता लाने के लिए अल्ट्राटेक के प्रयास भारतीय खान ब्यूरो के स्थायी खनन (सस्टेनेबल माइनिंग), कुशल संचालन और प्रौद्योगिकी-संचालित खनिज प्रसंस्करण के लक्ष्यों के अनुरूप हैं। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अल्ट्राटेक को खानों की सभी श्रेणियों (लाइमस्टोन, लौह अयस्क, बॉक्साइट, सीसा जस्ता, मैंगनीज) में सबसे अधिक खदानों के लिए 5-स्टार रेटिंग दिए जाने का गौरव प्राप्त हुआ है। खान मंत्रालय द्वारा तैयार की गई स्टार रेटिंग सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने और स्थाई विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट) फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन को बढ़ावा देने पर आधारित है। रेटिंग योजना में सबसे उच्च 5-स्टार रेटिंग उन खदानों को दी जाती है जिन्होंने वैज्ञानिक और कुशल खनन, अनुमोदित उत्पादन का अनुपालन, जीरो वेस्ट, पर्यावरण संरक्षण, प्रगतिशील और अंतिम खदान बंद करने के लिए उठाए गए कदम, ग्रीन एनर्जी सोर्सिंग, भूमि, अंतर्राष्ट्रीय मानकों को अपनाना, समुदायों के जुड़ाव और कल्याण कार्यक्रम, स्थानीय पुनर्वास और अन्य सामाजिक प्रभावों जैसे मापदंडों पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

## एचडीएफसी इर्गो ने छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की

**बिलासपुर।** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ 2024 सीजन के लिए बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, दुर्ग, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मुंगेली, रायपुर, सरगुजा और सुकमा जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू करने के लिए अधित किया है। इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत अधिसूचित निम्नलिखित फसलों के लिए किया जाएगा, जिनके लिए फसलों के अनुसार अंतिम तिथियाँ भी दी गई हैं। पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, सैलाब, कीट, बीमारियों आदि जैसे कई बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग की योजना बनाकर उसका संचालन करेगी। यदि संचालित किए गए सीसीई में पैदावार के आँकड़े कम पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि किसान को फसल का नुकसान हुआ है, और इस नुकसान के लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा। इस योजना में फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम शामिल हैं। पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पाद छत्तीसगढ़ सरकार के षि विभाग से अनुमोदित हैं। बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, दुर्ग, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मुंगेली, रायपुर, सरगुजा और सुकमा जिलों के किसान अपने जिले में स्थित बैंक, कमन सर्विस सेंटर या फिर अधित एचडीएफसी इर्गो एजेंट से संपर्क करके ऊपर सूचीबद्ध फसलों के लिए पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं। इंश्योरेंस कवर प्राप्त करने के लिए वैध अवधि का विवरण षि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# संक्षिप्त समाचार

## कलमना - कामठी तीसरी रेल लाइन की कमीशनिंग



**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** नागपुर झारसुगुड़ा रेल खंड मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग का हिस्सा है जो दो महत्वपूर्ण मेट्रो शहरों को जोड़ता है । वर्षों से भारत के आर्थिक विकास के साथ रेल यातायात में वृद्धि हुई है और भविष्य में और भी यह बढ़ेगा । इसने मौजूदा रेलवे ढांचे पर अत्यधिक दबाव डाला है, जिससे ट्रेनों की समयबद्धता भी प्रभावित हुई है और क्षमता वृद्धि की आवश्यकता उत्पन्न हुई है । क्षमता वृद्धि के लिए रेल लाइनों की संख्या बढ़ाने के कार्यों को मंजूरी दी गई है और इसके निर्माण के लिए सरकार द्वारा लागत राशि उपलब्ध कराया गया है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मुख्य रूप से क्षमता वृद्धि का कार्य बिलासपुर-झारसुगुड़ा 206 किलोमीटर चौथी लाइन, अनूपपुर-कटनी 165 किलोमीटर तीसरी लाइन तथा राजनांदगांव-कलमना (नागपुर) 228 किलोमीटर तीसरी रेल लाइन का कार्य किया जा रहा है ।

**राजनांदगांव - कलमना तीसरी लाइन कार्य :-** राजनांदगांव एवं कलमना के मध्य 228 किलोमीटर तीसरी लाइन का कार्य प्रगति पर है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 3544 करोड़ रुपये है । अब तक इस तीसरी रेल लाइन का 80 किलोमीटर का कार्य पूरा हो चुका है और आगे दरेकसा- सालेकसा- धनौली, गुदमा-गोंदिया-गंगाझरी एवं कामठी-कलमना के मध्य तीसरी रेल लाइन का कार्य प्रगति पर है । मौजूदा स्टेशन में एक नई लाइन जोड़ने में स्टेशन के लेआउट में बदलाव शामिल होता है । यह बदलाव एक विशेष संरक्षा स्थिति के तहत किया जाता है जिसे नॉन-इंटरलॉकिंग कहा जाता है । संरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान ट्रेनों का संचालन कुछ गतिप्रतिबंध के साथ सीमित मार्गों पर किया जाता है । उदाहरण के लिए, सामान्य परिस्थितियों में एक ट्रेन को स्टेशन पार करने में 3-4 मिनट लगते हैं, लेकिन ऐसे यार्ड में बदलाव कार्य के दौरान इसमें 20-25 मिनट समय की आवश्यकता पड़ती है । इससे ट्रेनों का सामान्य परिचालन प्रभावित होता है । वर्तमान में, कलमना स्टेशन पर यार्ड में परिवर्तन किया जा रहा है । यह नागपुर, इतवारी, गोधनी, कामठी स्टेशनों और दो महत्वपूर्ण पावर प्लांट्स को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण स्टेशन है । लगभग 400 कर्मचारियों/मजदूरों सहित रेलवे के विभिन्न विभागों के लगभग 50 इंजीनियर दिन-रात काम कर रहे हैं । इन कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न मशीनरी जैसे ञ-28 मशीन, जेसीबी, अर्थ एक्स्कवेटर, क्रेन, टॉवर वैन आदि भी तैनात किए गए हैं । यह टीम न केवल 8 पॉइंट्स, 5 ओएचई पोर्टल्स और 30 ओएचई खंभो को हटाएगी, बल्कि नये 16 पॉइंट्स की स्थापना और 1500 मीटर लूप लाइन की स्लीविंग भी करेगी, साथ ही नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य भी किया जाएगा । इस कमीशनिंग कार्य से कलमना-राजनांदगांव रेल खंड की क्षमता बढ़ेगी और मौजूदा ट्रैफिक दबाव को कम करने में भी मदद मिलेगी । मौजूदा और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, यह क्षमता वृद्धि कार्य अति आवश्यक है । रेल प्रशासन यार्ड परिवर्तन कार्य के दौरान लाइन की सीमित क्षमता को ध्यान में रखते हुए सीमित संख्या में ट्रेनों को रद्द करने योजना बनाता है और इस दौरान कम से कम ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो, इसका ध्यान रखा जाता है । आधारभूत संरचना को विकसित करते हुए भारतीय रेलवे हमेशा बेहतरीन गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित एवं प्रतिबद्ध है ।

# चार माह पूर्व रायपुर के उरला क्षेत्र में हुई आपराधिक घटना का पर्दाफाश, पकडे गए आरोपी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है एवं परेशानी की तह तक जाकर निष्कर्ष निकाला जा रहा है बता दें कि पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर अपराधियों और अपराध पर शिकंजा कसने के लिए लगातार कार्यवाही और गिरफ्तारी की जा रही है। गत चार माह पूर्व विश्व परिवार समाचार पत्र की उरला स्थित प्रेस के दो कर्मचारियों के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था जिसे लेकर उरला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी मामले की गंभीरता को देखते हुए समस्त पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारी बी एल चंद्राकर सहित प्रभारी एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट द्वारा कार्रवाई करते हुए अपराधियों को पकड़ा गया।

ज्ञात है कि उरला थाना क्षेत्र स्थित विश्व परिवार दैनिक समाचार पत्र की प्रिंटिंग यूनिट में कार्यरत दो कर्मचारी राजू सिंह एवं कमलेश सिंह रात्रि 9:30 बजे राशन लेकर वापस प्रिंटिंग यूनिट लौट रहे थे तभी रास्ते में पल्सर मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा प्रार्थी एवं उसके साथी को रोककर लूट की घटना को आरोपियों अंजाम दिया। अपराधियों ने धारदार हथियार से कमलेश सिंह पर वार कर दिया जिससे उस पैर व जांग में चोट आ गई। जिसके बाद उसे प्राथमिक इलाज हेतु भर्ती कराएगा एवं उसके साथी राजू सिंह के द्वारा थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 184 24 धारा 340 , 294, 506, 323, की धाराओं में अपराध पंजीवत कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मोबाइल लूट पाए जाने से लूट की धारा जोड़ी गई लूट कि उक्त जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आरोपियों को जल्द पकड़ने निर्देशित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक उरला मणिशंकर चंद्र की मार्गदर्शन थाना प्रभारी बीएल चंद्राकर व थाने के टीम द्वारा सक्रियता से जाँच करते हुए अपराधियों को पकड़ा गया एवं उन्होंने बताया की इस पूरी घटना में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिसमे एक नाबालिग भी शामिल है जिसमें धनेश साहू उम्र 20 वर्ष साकिन रामेश्वर ओ रविंद्र उम्र 21 वर्ष निवासी भनपुरी थाना खमतराई के मामले में घटना के बाद से केंद्रीय जेल रायपुर में निरुद्ध है इस पूरी कार्यवाही की पतातलाश में थाना उरला में पदस्थ सउनिण् गिरधर गोपाल द्विवेदीए आरक्षक नरेश प्रधान व आरक्षक सत्येन्द्र प्रधान की विशेष रुप से भूमिका रही है।




# एनएमएल का 46वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम 10 से 14 अगस्त तक रायपुर में

**रायपुर( विश्व परिवार )।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाली संस्?था भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण एवं राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान द्वारा सार्वजनिक पुस्तकालय कर्मियों के? लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) का 46वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 10 से 14 अगस्त, 2024 तक पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित किया जा रहा है।




कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन 11 अगस्त, 2024 को अपराह्न 03.00 बजे पं. सुंदरलाल शर्मा पुस्तकालय, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में होगा । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र से लगभग 60 प्रतिभागी, जोकि मुख्य रूप से सार्वजनिक पुस्तकालय पेशेवर हैं, भाग लेंगे ।

देश के विभिन्न भागों में अब तक राष्ट्रव्यापी 45 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें पुस्तकालय स्वचालन सॉफ्टवेयर, गुणवत्ता बुनियादी ढांचे, संसाधनों, अद्यतन आईसीटी उपकरणों और तकनीकों, उभरते रुझानों, पुस्तकालय संसाधनों के संरक्षण और आधुनिक पुस्तकालय सेवाओं के प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया है । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 1900 से अधिक पेशेवरों को प्रशिक्षित किया जा चुका है ।

क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) के तहत घटकों में से एक है, जिसे पुस्तकालयों और सूचना विज्ञान क्षेत्र के विकास पर निरंतर ध्यान देने के लिए राष्ट्रीय ज्ञान आयोग की सिफारिश के अनुसरण में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा वर्ष 2014 में लॉन्च किया गया था ।

# कृष्णा विकाश नेक्स्टजेन स्कूल में विद्यार्थी अलंकरण समारोह का हुआ भव्य आयोजन

**रायपुर( विश्व परिवार )।** कृष्णा विकाश नेक्स्टजेन स्कूल, में विद्यार्थी अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ । यह आयोजन स्कूल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था, क्योंकि इसमे शाला के छात्रों को नेतृत्व की जिम्मेदारियों के साथ सौंप दिया। पियूष गुप्ता और खुशी कश्यप को क्रमशः हेड बॉय और हेड गर्ल के रूप में नियुक्त किया गया, जबकि हर्षवर्धन सोनी और श्रेया गुप्ता को डिप्टी हेड बॉय और डिप्टी हेड गर्ल के रूप में नियुक्त किया गया। अनिरुद्ध सिन्हा और प्रियांशी धीर को क्रमशः लड़कों और लड़कियों के सांस्कृतिक सचिवों के रूप में नियुक्त किया गया।इसके आलावा शाला के चार हाऊस कैप्टन ने कार्यभार संभाला



चार हाउस - फ्लेमिंगो, अल्बाट्रॉस, नाइटहॉक और फाल्कन्स - ने नए कैप्टन को देखा। पुष्पक नाग और केशव सोनी ने क्रमशः फ्लेमिंगो और अल्बाट्रॉस लड़कों का नेतृत्व किया, जबकि लीशा नाग और प्रीति ओझा ने क्रमशः फ्लेमिंगो और अलबत्तरोस लड़कियों का नेतृत्व किया। आर्यन गुप्ता और रुद्रांश शर्मा ने क्रमशः नाइटहॉक और फाल्कन्स लड़कों का नेतृत्व किया, जबकि श्रेया सिंग और तनु बादल ने फाल्कन्स लड़कियों का नेतृत्व किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे बस्तर के जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री विजय शंकर शर्मा थे, जबकि विकाश शैक्षणिक समूह के अकादमिक निदेशक डॉ. एस.एन पांडा विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य श्री अनीश सिंह और सभी अतिथियों ने छात्रों को उनकी नई भूमिकाओं पर बधाई दी।

## स्वतंत्रता दौड़ का होगा आयोजन 14 अगस्त को

**बलौदाबाजार।** प्रतिवर्ष अनुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन पंडित चक्रपाणि विद्यालय परिसर खेल मैदान में सुबह 7 बजे से किया जाना है। स्वतंत्रता दौड़ पं.चक्रपाणी स्कूल खेल मैदान से प्रारंभ होकर गौरव पथ रोड से यातायात कार्यालय के बगल रोड होकर बस स्टैण्ड, गार्डन चौक, तहसील कार्यालय रोड से पं.चक्रपाणी स्कूल खेल मैदान में समापन किया जायेगा। उक्त दौड़ में जिला मुख्यालय के स्कूल, कॉलेज के छा्त्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि,वरिष्ठ नारिक,आम जनता एवं अधिकारी कर्मचारी 14 अगस्त को सुबह 7 बजे निर्धारित स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में भाग ले सकते है।

# शुद्धतापूर्वक करें गिरदावरी कार्य -कलेक्टर

**बलौदाबाजार।** राजस्व त्रुटि सुधार के नए मॉड्यूल के सम्बन्ध में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने कार्यशाला में पटवारी एवं तहसीलदारों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने 1 अगस्त से शुरु हुए गिरदावरी कार्य को गंभीरतापूर्वक एवं शुद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पटवारी गिरदावरी के लिए फिल्ड में जाएं और जितनी रकबा में जो फसल लगी है उसकी वास्तविक जानकारी दर्ज करें। गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर ही समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु किसानों के जमीन का रकबा तय होता है इसलिये गिरदावरी को गंभीरतापूर्वक करें।उन्होने कहा कि कार्य में लापरवाही या गुणवत्ता में समझौता क्षम्य नहीं होगी और सम्बंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी । उन्होने कहा कि राज्य शासन द्वारा तहसीलदार को त्रुटि सुधार के लिए अधिकृत किया गया है लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण करें। त्रुटि सुधार हेतु नए मॉड्यूल भी लांच की गई है। नए माड्यूल में त्रुटि सुधार के लिए पटवारियों को प्रशिक्षण में सभी जानकारी दें तथा किसी प्रकार की दिक्कत या सुझाव हो तो प्रोग्रामर को बताएं ताकि राज्य स्तर पर जरुरी सुधार किया जा सके। कार्यशाला में त्रुटि सुधार के नए मॉड्यूल के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही संकलन, विलोपन एवं ऑनलाइन त्रुटि सुधार की बारीकियों को बताया गया। कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर श्री मिथलेश डोंडे सहित सभी तहसीलदार एवं पटवारी उपस्थित थे।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में वर्ष 2024-25 के लिए छात्रों के लिए फर्स्ट स्टेप 2024 इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए, विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है, जिसे वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफरैंकिंग में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल किया गया है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिक की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानदंडों के अनुसार छात्रों में नवाचार पैदा करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहुविषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है।




मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) और कंप्यूटर साइंस, बीसीए, बीसीएस, एमसीए और एमसीएस प्रथम सेमेस्टर के नव नामांकित छात्रों के लिए फर्स्ट स्टेप 2024 इंडक्शन प्रोग्राम कार्यक्रम क्रमशः मंगलवार, 06 अगस्त 2024 और बुधवार, 07 अगस्त 2024 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया।

कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर नए छात्रों का पारंपरिक पंजाबी ढोल की थाप के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। तिलक समारोह आयोजित किया गया और छात्रों को कलिंगा विश्वविद्यालय के रिस्टबैंड दिए गए। कलिंगा विश्वविद्यालय के बारे में वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को संक्षिप्त जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने स्वागत भाषण देकर सीएस/आईटी छात्रों का स्वागत किया और एक आकर्षक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से विश्वविद्यालय पर बहुमूल्य जानकारी साझा की, तथा नए विद्यार्थियों को संस्थान के चरित्र और सुविधाओं से परिचित कराया। एमबीए के छात्रों का स्वागत मार्केटिंग मैनेजर श्री जे विशाल ने किया। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने एक प्रेरक भाषण दिया, जिसके बाद कलिंगा विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन ने छात्रों को ऊंचे मुकाम तक पहुंचने और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करने वाले ज्ञानवर्धक शब्द कहे। अनुकूल शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने की भावना से, शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता डॉ. राहुल मिश्रा ने विश्वविद्यालय की आचार संहिता और व्यापक शैक्षणिक पाठ्यक्रम पर प्रकाश डाला। कैरियर एवं कॉर्पोरेट संसाधन केंद्र (सीसीआरसी) के निदेशक श्री पंकज तिवारी ने कैरियर मार्गदर्शन पर एक ज्ञानवर्धक सत्र प्रस्तुत किया।

सुश्री अलीशा यादव - बी.कॉम. अंतिम वर्ष की छात्रा और श्री सजल- बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर समारोह के संचालक थे। कलिंगा के विद्यार्थियों द्वारा एकल नृत्य, समूह नृत्य और बैंड प्रदर्शन जैसी विभिन्न गतिविधियाँ प्रस्तुत की गई। एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और पेपर ड्रेस-मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और पुरस्कार जीते। इस अवसर पर छात्र कल्याण की अधिष्ठाता- लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर, निदेशक ङ्क मार्केटिंग और प्रवेश श्री अभिषेक शर्मा, विभागाध्यक्ष - वाणिज्य और प्रबंधन डॉ. शिंकी के पांडे, विभागाध्यक्ष - कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी श्री ओमप्रकाश देवांगन, प्रबंधक ङ्क मार्केटिंग श्री जे विशाल और उप निदेशक - मार्केटिंग सुश्री काजल सिंह भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम के समापन पर लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय स्वतंत्रता आंदोलन दिवस मनाया गया

**बलौदा बाजार।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में ''स्वतंत्रता आंदोलन दिवस' मनाया गया जिसमें हमारी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय और एन.एस.एस. प्रभारी श्रीमती रोशनी लता राकेश उपस्थित थे साथ ही एन.एस.एस. के स्वयं सेविकाओं द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन विषय पर रैली निकाली गयी जिसे जिला अस्पताल से लेकर कलेक्टर ऑफिस से होते हुए महाविद्यालय लाया गया। रैली से आने के पश्चात एन.एस.एस. के स्वयं सेविकाओं द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन विषय पर पोस्टर बनाया गया इसके बाद पोस्टर्स की प्रस्तुती की गयी। इसके पश्चात् एन.एस.एस. प्रभारी रोशनी लता राकेश द्वारा सभी स्वयं सेविकाओं को स्वतंत्रता आंदोलन दिवस के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया इसके साथ ही कुछ स्वयं सेविकाओं द्वारा इस विषय पर भाषण दिया गया।




इस कार्यक्रम के पश्चात ''विश्व आदिवासी दिवस'' मनाया गया जिसमें हमारी महाविद्यालय की प्राचार्य एवं एन.एस.एस. प्रभारी व शिक्षकगण शामिल हुए साथ ही एन.एस.एस. के स्वयं सेविकाए भी शामिल थे जिनके द्वारा पोस्टर प्रस्तुत किया गया- तब्बसूम खान, रिया एवं अन्य छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रस्तुत किया गया। एन.एस.एस. प्रभारी रोशनी लता राकेश द्वारा यह दिवस क्यों मनाया जाता है इस बात पर चर्चा किया गया इसके साथ ही विश्व आविवासी दिवस पर विस्तार से चर्चा किया गया इसके साथ ही इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एम्स रायपुर में शहडोल जिले की महिला के अंगूठे की जटिल सर्जरी संपन्न हुई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** एम्स, रायपुर के अस्थि रोग विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. आलोक चंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में शल्य चिकित्सकों की टीम द्वारा मध्य प्रदेश के शहडोल जिले की 28 वर्षीय महिला के अंगूठे की जटिल सर्जरी की गई । मरीज़ के बाएं अंगूठे के मेटाकार्पल्स हड्डी में जायंट सेल ट्यूमर था, जिसके कारण उसे पीड़ा और अंगूठे से काम लेने में दिक्कत हो रही थी। ट्यूमर ने मेटाकार्पल हड्डी के 80त्न से अधिक हिस्से को प्रभावित किया था और पारंपरिक ओपरेशन (कार्पो-मेटाकार्पल जोड़ का फ्यिूजन) किए जाने के कारण खराब कार्यात्मक परिणाम हो सकते थे। हाथ की गतिविधि को सुरक्षित रखने के लिए, जोड़ प्रतिस्थापन विशेषज्ञ शल्य चिकित्सकों की टीम ने ट्यूमर का एक-ब्लॉक रिसेक्शन किया और प्रभावित हड्डी को 3डी-प्रिंटेड टाइटेनियम बोन इम्प्लांट से प्रतिस्थापित कर दिया गया । इसके अतिरिक्त, सूचर एंकर का उपयोग करते हुए स्नायुबंधन का पुनर्निर्माण किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज़ की हालत में सतत सुधार हो रहा है और अंगूठे में गतिशीलता आ गई है।छोटी अस्थियों के पुनर्निर्माण से जुड़ी यह दुर्लभ सर्जरी संस्थान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि यह देश में की गई अपनी तरह की प्रथम सर्जरी है ।










## दैनिक विश्व परिवार से जुड़ें...

छत्तीसगढ़ के सबसे विश्वसनीय दैनिक समाचार पत्र एवं वेबसाइट ''**दैनिक विश्व परिवार**'' से जुड़े और पाए अपनी खबरों को प्रकाशित कराने अवसर।

''**दैनिक विश्व परिवार**'' दे रहा है सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में युवा एवं प्रतिभावान पत्रकारों को मौका अपने जिले की हर खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कराने का अवसर।

साथ ही छत्तीसगढ़ के समस्त जिले, विधानसभा, ब्लॉक स्तर पर रिपोर्टरों और विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है। अपनी खबरों को ''**दैनिक विश्व परिवार**'' के माध्यम से जनता तक पहुंचाए। हमसे जुड़ने के लिए निचे दिए गए नंबर पर करे अपनी खबरे साजा।

सम्पर्क : 99810-93065, 62662-63552

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354